हरिभूमि
रायपुर भूमि

## एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने लिया डायवर्सन का निर्णय, यात्रियों में हड़कंप की स्थिति





दिल्ली से रायपुर आने वाली इंडिगो की फ्लाइट में आई तकनीकी समस्या

# लैंडिंग से ठीक पहले तकनीकी खराबी, दिल्ली से रायपुर आ रही फ्लाइट भुवनेश्वर डायवर्ट, भड़के यात्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिल्ली से रायपुर आ रहे यात्रियों में गुरुवार को हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई। इंडिगो की फ्लाइट कुछ मिनट के अंतराल में रायपुर एयरपोर्ट पर लैंड करने ही वाली थी कि इसे भुवनेश्वर मोड़ दिया गया। सूत्रों के मुताबिक लैंडिंग के ठीक पहले आई तकनीकी खराबी के कारण एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने तत्काल डायवर्शन का निर्णय लिया।



अचानक लिए गए इस निर्णय से यात्रियों में हड़कंप की स्थिति बन गई। हालांकि राहत की बात यह रही कि सभी यात्री पूर्णतः सुरक्षित हैं। दिल्ली से रायपुर आने वाली फ्लाइट को सुबह करीब 9 बजे रायपुर एयरपोर्ट में लैंड करना था, लेकिन भुवनेश्वर होते हुए आने के कारण यह 12.48 को पहुंची। इसमें 178 यात्री सवार थे। फ्लाइट को भुवनेश्वर डायवर्ट किए जाने के कारण रायपुर से दिल्ली जाने वाले यात्रियों को भी विलंब ▶▶|शेष पेज 13 पर

फैक्ट फाइल

### नहीं दे सके जानकारी

जानकारी के अनुसार, सुबह 9:15 बजे रायपुर से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाली फ्लाइट नंबर 6E6476 इस तकनीकी दिक्कत के चलते प्रभावित रही। कई यात्रियों की कनेक्टिंग फ्लाइट, मीटिंग्स और महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हुए, जिसके चलते गुस्सा और नाराजगी साफ दिखाई दी। यात्री लगातार एयरलाइन से नई समय-सारणी की जानकारी मांगते रहे, लेकिन इंडिगो या एयरपोर्ट प्रबंधन की ओर से उड़ान के संशोधित समय की यात्रियों को पहले से सूचना नहीं दी जा सकी।

### सितंबर में फेल हुआ था नेविगेशन सिस्टम

रायपुर एयरपोर्ट में तकनीकी खराबी का ग्रहण हट नहीं रहा है। कुछ दिनों पूर्व रायपुर एयरपोर्ट का नेविगेशन सिस्टम ही फेल हो गया था। इसके कारण रायपुर से आने-जाने वाली सभी फ्लाइट प्रभावित रही थी। दिल्ली, कोलकाता, बेंगलुरु और इंदौर जैसे बड़े शहरों में जाने वाली फ्लाइट पूरे दिन प्रभावित रही थी। सितंबर माह में भी यात्रियों को परेशानी करना पड़ा था। औसतन, प्रत्येक दूसरे माह किसी ना किसी तकनीकी खराबी अथवा अन्य वजहों से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप

### गांजा तस्कर को 10 वर्ष कैद, एक लाख जुर्माना

**रायपुर।** धरसींवा थाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व 11 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार तस्कर को शैलेश शर्मा की स्पेशल कोर्ट एनडीपीएस ने 10 वर्ष कैद के साथ एक लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक स्वाति शर्मा के अनुसार कोर्ट ने रवि सायतोड़े को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। धरसींवा थाने की पुलिस ने रवि के घर की छत से पिछले वर्ष 31 जनवरी को गांजा जब्त किया था।

### सोनवानी की महिला रिश्तेदारों को मिली जमानत

**रायपुर।** सीजीपीएससी घोटाला में सीजीपीएससी के पूर्व चेयरमैन टामन सोनवानी की दो महिला रिश्तेदारों को कोर्ट ने बड़ी राहत देते हुए जमानत दी है। कोर्ट ने मीशा कोसले तथा दीपा आदिल को जमानत दी है। दोनों को सुप्रीम कोर्ट से पूर्व में अन्य आरोपियों को मिली जमानत के आधार पर राहत प्रदान की है। सीजीपीएससी परीक्षा में दीपा तथा मीशा के गलत तरीके से धांधली कर चयन करने के आरोप पर उन्हें सीबीआई ने गिरफ्तार किया था।

### सीजी क्रिकेट संघ ने ट्रैफिक पुलिस को सौंपे दो सौ स्टॉपर

**रायपुर।** शहीद वीरनारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम को बीसीसीआई द्वारा छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ को दो सौ नग स्टाफर हस्तांतरित किए गए हैं। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित खेलों के दौरान दर्शकों के वाहनों के चाक-चौबंद डायवर्सन व पार्किंग व्यवस्था हेतु 200 नग लोहे के स्टॉपर तैयार कर ट्रैफिक पुलिस को दिए हैं। उक्त स्टॉपर का उपयोग स्टेडियम के पहुंच मार्गों के यातायात को सुगम सुरक्षित करने डायवर्सन व पार्किंग स्थलों पर किया जाएगा।

### बीड़ी नहीं देने के विवाद पर युवक से मारपीट

**रायपुर।** मुजगहन थाने में एक युवक ने तीन लड़कों के खिलाफ बीड़ी नहीं देने के विवाद में मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पेशे से ड्राइवर सिवनी निवासी मुकेश टंडन ने तेज जांगड़े, पालन जांगड़े तथा प्रेम जांगड़े के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। मुकेश ने पुलिस को बताया कि वह बिजली ऑफिस घर के पास खड़ा था।

## एटीएस ने भिलाई से चार और किशोरों को पकड़ा, लेकिन अब तक अधिकृत पुष्टि नहीं

# आतंकी कनेक्शन का आईपी एड्रेस टेली सेंटर से क्रेक हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

पाक माड्यूल आईएसआईएस आतंकी संगठन से जुड़े जिन दो नाबालिगों को एटीएस ने पकड़ा है, उनके संपर्क में रहने वाले चार और नए लड़कों को एटीएस ने पकड़ा है। लड़कों को पुलिस ने सुपेला थाना क्षेत्र से पकड़ा है, लेकिन इसकी अधिकृत पुष्टि नहीं की जा रही है। हालांकि एटीएस ने जब दो लड़कों को पकड़ा था, उसी समय इस बात की पुष्टि हो गई थी कि सोशल मीडिया के माध्यम से कई और लड़के आतंकी नेटवर्क के संपर्क में हैं।

एटीएस ने पूर्व में दो किशोरों को पकड़ा था। दोनों किशोर द्वारा पढ़ाई छोड़े जाने की बात सामने आई है। आतंकी नेटवर्क चलाने वाले दोनों लड़कों को स्कूली पढ़ाई से ज्यादा जरूरी मजहबी पढ़ाई करने प्रेरित किया गया। आतंकी नेटवर्क संचालित करने वाले पाक माड्यूल के आतंकियों ने दोनों लड़कों के जेहन में यह बात कूट-कूट कर भर दी थी कि उनका जन्म अपने धर्म तथा मजहब की रक्षा के लिए हुआ है।

### एआई जनरेटेड वीडियो दिखाकर एरोगेंट बनाया

लड़कों से जब्त मोबाइल तथा वीडियो की एटीएस की तकनीकी टीम ने प्रारंभिक पड़ताल की, तो दोनों के लैपटॉप में बड़ी संख्या में एआई जनरेटेड वीडियो मिले। फेक वीडियो में यह साबित करने की कोशिश की गई कि उनके धर्म के लोगों को भारत सहित गैर इस्लामिक मुल्क के लोग किस तरह से प्रताड़ित कर रहे हैं। ऐसे लोगों से बदला लेने इराक, सीरिया में जिस तरह लोगों की हत्या की गई, उसका वीडियो भेज कर उसी तर्ज पर बदला लेने दोनों लड़कों को प्रेरित किया गया। इससे दोनों लड़के काफी एरोगेंट हो गए। इसके बाद अन्य लोगों को दोनों लड़के अपना दुश्मन मानते हुए बदले की भावना रखते थे।


पाकिस्तान माड्यूल के आतंकियों से पांच साल से संपर्क में थे पकड़े गए नाबालिग

### डेटा डिलीट, रिकवर करने भेजा फोरेंसिक लैब

*एटीएस ने दोनों लड़कों से जो मोबाइल तथा लैपटॉप जब्त किया है, उसमें से एटीएस ने काफी कुछ रिकवर कर लिया है। इसके साथ ही कई संदिग्ध डेटा डीलीट कर दिया गया है। डीलीट डेटा को रिकवर करने एटीएस दोनों के मोबाइल तथा लैपटॉप फोरेंसिक लैब भेजेगी। डीलीट डेटा रिकवर होने के बाद पता चल पाएगा कि दोनों लड़के किस स्तर के आतंकी नेटवर्क से जुड़े थे। साथ ही स्थानीय स्तर पर दोनों लड़कों को कौन बेक सपोर्ट कर रहा था।*

### निर्देश मिलने पर करते थे डेटा डिलीट

*जिन दो किशोरों को आतंकी नेटवर्क ने ब्रेनवाश कर अपने कब्जे में ले लिया था, वे दोनों लड़के बाहर से आने वाले वीडियो, बातचीत, चैट को अपने मन से डीलीट नहीं करते थे, ऊपर से निर्देश मिलने पर चैट तथा डेटा को डीलीट करते थे। आतंकी नेटवर्क संचालित करने वाले अपने इशारों पर मैसेज तथा लिंक दूसरे ग्रुप में फारवर्ड करवाने का काम करते थे। यही वजह है कि लड़कों के लैपटॉप तथा मोबाइल से कई महत्वपूर्ण डेटा डीलीट हो गया है।*

### लैपटॉप-मोबाइल के माध्यम से ले रहा था ट्रेनिंग

एटीएस ने जिन दो लड़कों को आतंकी कनेक्शन के आरोप में पकड़ा है, उनमें से रायपुर का रहने वाला किशोर एक कम्प्यूटर सेंटर में टेली सीखने के लिए जाता था। टेली सीखने की आड़ में लड़का कम्प्यूटर सेंटर में बैठकर अपने लैपटॉप तथा मोबाइल के माध्यम से आतंकी गतिविधि की ट्रेनिंग ले रहा था। एटीएस की टीम ने कम्प्यूटर सेंटर पहुंचकर जांच की कि लड़का किन-किन लोगों के संपर्क में था। इसकी जांच की, तो एटीएस को कई चौंकाने वाली जानकारी मिली। कम्प्यूटर सेंटर से आईपी एड्रेस क्रेक करने के बाद एटीएस ने रायपुर तथा भिलाई में एक साथ कार्रवाई करते हुए दोनों लड़कों को उठाया।

# करणी सेना एसएसपी सीएसपी, टीआई के घर के सामने करेगी प्रदर्शन

- करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष का दावा- लाखों की संख्या में समाज के लोग रायपुर में जुटेंगे
- गृहमंत्री कार्यालय का घेराव करने की दी चेतावनी


करणी सेना का अध्यक्ष पहुंचा थाना गिरफ्तारी के बाद मिली जमानत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

हिस्ट्रीशीटर वीरेंद्र तोमर के खिलाफ पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई को क्षत्रिय करणी सेना के अध्यक्ष राज शेखावत ने गलत बताते हुए सात दिसंबर को रायपुर में देशभर के करणी सेना से जुड़े लोगों के आने का दावा किया है। शेखावत ने आरोप लगाया है कि वीरेंद्र तथा रोहित तोमर के खिलाफ कार्रवाई की आड़ में पुलिसकर्मियों द्वारा महिलाओं के साथ बदसलूकी की गई है।

क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कथित तौर पर महिलाओं के साथ किए गए दुर्व्यवहार को लेकर प्रदर्शन करने की बात की है। राज शेखावत ने कहा है कि महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ जब तक कोई कार्रवाई नहीं होगी, वे आंदोलन करने बाध्य हैं। शेखावत ने सात दिसंबर को पुरानी बस्ती थाना के तत्कालीन टीआई योगेश कश्यप के साथ पुरानी बस्ती सीएसपी राजेश देवांगन तथा एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के घर के सामने प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। साथ ही नवा रायपुर में गृहमंत्री कार्यालय के सामने प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। उन्होंने वीरेंद्र तथा रोहित तोमर के खिलाफ पुलिस कार्रवाई को राजनीति प्रेरित बताया। साथ ही एक सांसद द्वारा उनसे पैसों की डिमांड करने का आरोप लगाया। किस सांसद ने वीरेंद्र, रोहित से पैसों की डिमांड की है, उनका नाम पूछने पर राज शेखावत ने नाम बताने से इनकार किया।

## 32 टंकियों से आज शाम नहीं मिलेगा पानी, पाइप लाइन लीकेज मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- 3 लाख आबादी रहेगी प्रभावित

राजधानी के 32 जलागारों में 21 नवंबर की शाम जल आपूर्ति ठप रहेगी। इस दौरान करीब 3 लाख लोगों को शुक्रवार की शाम पीने के पानी की आपूर्ति नहीं होगी। भाठागांव मुख्य मार्ग गणेश ट्रेडर्स के पास पाइप लाइन लीकेज मरम्मत कार्य के लिए जल विभाग 8 घंटे का शटडाउन लेगा। इसके कारण 150 एमएलडी प्लांट से भरने वाली 32 पानी टंकियों में 21 नवबंर की शाम जल प्रदाय नहीं होगा। नगर निगम का जल विभाग भाठागांव मुख्य मार्ग में पाइप लाइन लीकेज की मरम्मत का कार्य 21 नवंबर को करने जा रहा है। लीकेज मरम्मत की वजह से 8 घंटे का शटडाउन लिया जाना है। इस वजह से प्लांट से भरने वाली भाठागांव, चंगोराभाठा, कुशालपुर, पानी टंकी, डीडीनगर, ईदगाहभाठा, सरोना, टाटीबंध, कोटा, कबीरनगर, जरवाय, गोगांव, मठपुरैना, लालपुर, अमलीडीह, अवंतिविहार, मंडी, मोवा पानी टंकी, सड्डू, दलदल सिवनी, रामनगर, ▶▶|शेष पेज 13 पर

## इंग्लिश में औसत, लेकिन गणित में डिब्बा गुल




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- तिमाही परीक्षा के खराब परिणामों के बाद शुरू हुई स्कूलों में मॉनिटिरिंग

त्रैमासिक परीक्षाओं के परिणाम विशेष उल्लेखनीय नहीं होने के बाद स्कूलों की मॉनिटिरिंग शुरू कर दी गई है। एक टीम ने तिल्दा विकासखंड की शालाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान छात्रों की शिक्षा का स्तर जांचा गया। पांचवी कक्षा के बच्चों का इंग्लिश विषय का स्तर संतोषप्रद पाया गया, लेकिन गणित विषय में छात्रों का स्तर कमजोर रहा। छात्रों का ▶▶|शेष पेज 13 पर

### पहली के छात्रों की दक्षता अच्छी

पांचवी कक्षा के छात्रों का प्रदर्शन कुछ ही विषयों में अच्छा रहा, लेकिन पहली कक्षा के छात्रों की परफॉर्मेंस सभी विषयों में अच्छी रही। तीसरी और चौथी कक्षा के छात्रों के संदर्भ में भाषा संबंधित विषयों पर विशेष ध्यान देने कहा गया। अधिकतर कक्षा में छात्रों की उपस्थिति 90 प्रतिशत मिली। कक्षा शांत और व्यवस्थित रही। शैक्षणिक प्रदर्शन के साथ ही अन्य व्यवस्थाओं की भी मॉनिटिरिंग की गई। पर्यावरण की दृष्टि से शालाओं में और अधिक वृक्षारोपण की आवश्यकता टीम ने पाई। बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने तथा कैंपस में हरियाली बनाए रखने अभियान चलाने कहा गया। वहीं मध्यान्ह भोजन मेन्यु अनुसार बना पाया गया।

पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित
पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वी के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में (सत्र 2025-26) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपज हेल्थ वर्कर | (C.O.T.) सर्टिफिकेट इन आपरेशन थियेटर टेक्निशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | (GDA) जनरल ड्यूटी एसिस्टेंट | सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसर | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| अंबिकापुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सूरजपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| रायपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| धमतरी | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सरईपाली | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जगदलपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| बीजापुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कोंडागांव | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कांकेर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |

आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्यूनतम प्रतिशत : अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक। विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।

नोट :-
1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे। साथ ही 55 रुपये का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा।
3. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे।
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।
5. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है। अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं और कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि न दें।

आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :-05.12.2025 तक।
आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-10.12.2025 तक।

आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, ओम प्लाजा, बजरंग चौक, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495 006
महोदय,
__________ (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।
1. आवेदक का नाम __________ 2. पिता / पति __________
3. जन्म तिथि अंकों में __________ 4. वर्ग - अनु. ज. जाति [ ] अनु. जन जाति [ ] पिछड़ा वर्ग [ ] सामान्य [ ]
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम __________ पोस्ट __________ तहसील __________
थाना __________ जिला __________ पिन कोड __________
मो. नं. 1 __________ मो. नं. 2 __________ वाट्सअप नं. __________
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है __________
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक 89823 बिलासपुर (छ.ग.)

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
कल के अंक में देखें

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा। भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## विधि विश्वविद्यालय कुलसचिव सहित प्राध्यापकों के 53 पदों पर करेगा भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- दिसंबर तक कर सकते हैं आवेदन, वित्त अधिकारी के पद भी शामिल

हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी अपने यहां बड़े पैमाने पर भर्तियां करने जा रहा है। इसके लिए अधिसूचना जारी की जा चुकी है। इसमें कुलसचिव पद भी शामिल है। इसके अतिरिक्त प्राध्यापक, सह-प्राध्यापक तथा सहायक प्राध्यापक के 53 पदों के लिए भर्ती निकाली गई है। वित्त अधिकारी के एक पद के साथ गैर शैक्षणिक स्टाफ के 17 पदों पर भी विधि विवि भर्ती करेगा। इन पदों में सहायक



पुस्तकालयाध्यक्ष , सिस्टम मैनेजर , उप अभियंता (सिविल एवं इलेक्ट्रिकल), निजी सचिव (वीसी कार्यालय), लेखा सहायक, मल्टीमीडिया डिजाइनर, खेल सहायक सह जिम प्रशिक्षक, चालक, कार्यालय सहायक एवं माली के पद शामिल हैं। जारी की गई अधिसूचना के मुताबिक, इन पदों के लिए आवेदन 17 नवंबर से प्रारंभ कर दिए गए हैं। कैंडिडेट्स 8 दिसंबर तक आवेदन कर सकेंगे। विवि प्रबंधन ने कहा, ▶▶|शेष पेज 13 पर

# सड़कों से गायों, आवारा पशुओं को हटाने की जिम्मेदारी तय, सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सुप्रीम कोर्ट द्वारा एक अखबारी रिपोर्ट पर लिए गए स्वतः संज्ञान पर जारी आदेश के क्रियान्वयन में अब सड़कों से गायों, आवारा पशुओं को हटाने की जिम्मेदारी तय कर दी गई है। एक अन्य मामले में नगरीय निकायों को आदेश दिया गया है कि मरे हुए पशुओं को 48 घंटे के भीतर हटाकर उनका वैज्ञानिक विधि से निपटारा करना होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों से संबंधित मामले की सुनवाई के बाद आदेश जारी किया है कि राष्ट्रीय राजमार्गों, राज्य मार्गों, राष्ट्रीय एक्सप्रेस वे से सभी आवारा गोवंशीय एवं अन्य पशुओं को हटाया जाए। इस मामले को लेकर अब नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका एवं नगर पंचायत को आदेश जारी कर दिया है।

### मरे मवेशियों को 48 घंटों में सड़क से हटाने का आदेश



### चलाना होगा अभियान

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इस संबंध में आदेश दिया है कि सभी निगम आयुक्त, सभी पालिका अधिकारी, सड़क एवं लोक परिवहन विभाग तथा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एक संयुक्त समन्वित अभियान चलाकर राजमार्गों, और एक्सप्रेस वे के उन हिस्सों की पहचान करेंगे जहां आवारा गोवंशीय एवं अन्य पशु अक्सर पाए जाते हैं, उन्हें हटाने के साथ ही आश्रय स्थल में विस्थापित करना होगा। आवारा गोवंशीय अन्य पशुओं को यथा स्थिति उपयुक्त आश्रय स्थलों या गोशालाओं पशु बाड़ों में रखकर उन्हें भोजन, पानी, और पशु चिकित्सा भी दी जाए।

### मरे पशुओं को 48 घंटे में हटाना होगा

राजधानी रायपुर में पिछले महीने हुए कलेक्टर-एसपी कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा दिए गए निर्देश पर अमल करते हुए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने शहरों में गौवंशीय एवं अन्य पशुओं के मृत शरीर के वैज्ञानिक एवं सुरक्षित निपटान के लिए उपयुक्त स्थल निर्धारित करने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने सभी नगरीय निकायों को परिपत्र जारी कर पर्यावरणीय मानकों और जैव-सुरक्षा नियमों के अनुरूप 48 घंटे के भीतर पशुओं के मृत शरीर के निपटान के लिए निर्देशित किया है।

### जारी हुआ ये आदेश

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा मंत्रालय से सभी नगर निगमों के आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को जारी परिपत्र में कहा गया है कि सभी निकायों में गोवंशीय तथा अन्य पशुओं के मृत शरीर के वैज्ञानिक एवं सुरक्षित निपटान के लिए उपयुक्त स्थल का चयन करते हुए तत्काल इसका निर्धारण करें। विभाग ने निपटान का स्थल आबादी से उचित दूरी पर तथा पर्यावरणीय मानकों एवं जैव-सुरक्षा नियमों के अनुरूप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। लोक सेवा गारंटी अधिनियम, 2011 के तहत मृत पशुओं के निपटान की सेवा 48 घंटे की समय-सीमा में प्रदान किया जाना अनिवार्य है।

## खबर संक्षेप



### संभागायुक्त ने किया धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण

**रायपुर।** संभागायुक्त महादेव कावरे ने गुरुवार को महासमुंद जिले के झलखम्हरिया, सम्हर और पिथौरा के धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी केंद्रों में बारदाना, मॉइस्चर मशीन, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन, सीसीटीवी, कंप्यूटर ऑपरेटर व्यवस्था सहित नागरिक सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने धान बेचने पहुंचे किसानों से चर्चा भी की। कावरे ने अवैध धान रोकने के लिए राज्य सीमा पर स्थापित चेकपोस्ट टेमरी का निरीक्षण किया और ड्यूटी से नदारद सैनिक को नोटिस देने के निर्देश दिए।

### धान खरीदी की समीक्षा



**रायपुर।** कलेक्टर गौरव सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेडक्रॉस भवन में गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी धान उपार्जन केंद्रों के नोडल अधिकारियों की बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने धान खरीदी की प्रगति और व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिया कि धान खरीदी केंद्रों पर हमाल की व्यवस्था, किसानों के लिए पानी, छांव में बैठने की व्यवस्था, मॉइश्चर मशीन सॉफ्टवेयर की जांच और सटीक कानून व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। डॉ. सिंह ने कहा कि अगर किसी भी प्रकार की अवैध धान खरीदी या बेचने की जानकारी मिलती है, तो संबंधित के खिलाफ कड़ी करें।

### शिक्षा मंत्री गजेंद्र बोले- शिक्षा के साथ कौशल उन्नयन भी जरूरी



**रायपुर।** दुर्ग जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा अछोटी में गुरुवार से दो दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने नई शिक्षा नीति में शिक्षा के साथ कौशल उन्नयन पर बल देते हुए कहा कि आधुनिक परिवेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ कौशल आधारित प्रशिक्षण ही विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुख बनाएगा।

### संभागायुक्त ने एसआईआर कार्यों का किया निरीक्षण

**रायपुर।** रायपुर संभागायुक्त महादेव कावरे ने गुरुवार को महासमुंद जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न केंद्रों में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान संभागायुक्त श्री कावरे ने कहा कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य पात्र मतदाताओं को शामिल करना तथा अपात्र मतदाता को हटाना हैं। सभी बूथ लेवल ऑफिसर सत्यापन कार्य को अत्यंत गंभीरता और निर्देशों के अनुरूप पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में गलत प्रविष्टि स्वीकार्य नहीं की जाएगी। किसी बिंदु पर संदेह होने पर वरिष्ठ अधिकारियों से जानकारी एवं मार्गदर्शन लें।

## डीबीटी ने बिचौलिए की संस्कृति को किया समाप्त, पारदर्शी प्रणाली को दिया जन्म

# डॉ. रमन ने कहा- पब्लिक फण्ड के संरक्षक में कैग की भूमिका सराहनीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), ऑडिट पखवाड़ा का उद्घाटन किया। प्रधान महालेखाकार कार्यालय 20 नवंबर से 9 दिसंबर तक ऑडिट दिवस कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। आयोजन का उद्देश्य नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक संस्था की स्थापना का स्मरण करना और लोक प्रशासन में पारदर्शिता, जवाबदेही तथा सुशासन को सुदृढ़ करने में लेखा परीक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करना है।

डॉ. रमन सिंह, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधानसभा ने कैग के लंबे इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा, मैं नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक कैग की 165 वर्षों की ऐतिहासिक यात्रा और राष्ट्र की आर्थिक नैतिकता के सबसे मजबूत स्तंभ के रूप में इसकी भूमिका को सलाम करता हूं। कैग 2.0 और डिजिटल इंडिया के युग में, ऑडिटिंग की भूमिका अब केवल 'त्रुटियों की पहचान' तक सीमित नहीं रही है, बल्कि यह 'परिणाम-आधारित शासन' को बढ़ावा देने और प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने का एक माध्यम बन गई है।

### डीबीटी से बिचौलिए से मुक्ति

उन्होंने कहा, हमारे देश के संविधान ने लोकतंत्र का संतुलन बनाए रखने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि सार्वजनिक धन का उपयोग सही और जवाबदेह तरीके से हो, कैग को विशेष शक्तियाँ प्रदान की हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्रणाली के आगमन से कैसे भ्रष्टाचार और बिचौलिए से मुक्त समाज का निर्माण हुआ है। उन्होंने कहा, कैग ने 165 वर्षों से इस पवित्र जिम्मेदारी को निभाया है, और छत्तीसगढ़ में भी इसने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को मजबूती से स्थापित किया है। उन्होंने उल्लेख किया कि छत्तीसगढ़ में हमारी प्राथमिकता एक सक्षम, प्रौद्योगिकी-संचालित और नागरिक-केंद्रित शासन मॉडल स्थापित करना है। मुझे विश्वास है कि आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स और रियल-टाइम मॉनिटरिंग जैसे उपकरणों से लैस यह 'ऑडिट पखवाड़ा', कैग-प्लस की दिशा में एक निर्णायक कदम होगा।

प्रौद्योगिकी-आधारित वित्तीय प्रशासन में अग्रणी भूमिका- यशवंत कुमार, प्रधान महालेखाकार, छत्तीसगढ़ ने कहा, हमारा कार्यालय 'ई-कुबेर' के सफल कार्यान्वयन, मासिक सिविल अकाउंट जमा करने की समय सीमा को अगले महीने की 25 तारीख से घटाकर 10 तारीख करने, और 91 प्रतिशत से अधिक डेटा पुनर्मिलन करने जैसी महत्वपूर्ण उपलब्धियों के साथ प्रौद्योगिकी-आधारित वित्तीय प्रशासन में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। कैग के दृष्टिकोण के अनुरूप, प्रशासन में गुणात्मक सुधार लाने के लिए अब 'अनुपालन-आधारित जांच' से आगे बढ़ रहे हैं। जिससे सार्वजनिक विश्वास मजबूत हो रहा है। हमने हाइब्रिड ऑडिट्स, डेटा एनालिटिक्स और आईएफएमएस 2.0 को लागू करने में सक्रिय रूप से भागीदारी की है। हमारा लक्ष्य सत्यनिष्ठा, निष्पक्षता और सहयोग के माध्यम से पारदर्शी और जवाबदेह शासन मॉडल तैयार करना।

## गरीबों के मकान सामान्य लोग भी खरीद सकेंगे कैबिनेट के फैसले का बाद जारी हुआ आदेश

- गरीबों के मकान सामान्य लोग भी खरीद सकेंगे, कैबिनेट के फैसले का बाद जारी हुआ आदेश
- आवास एवं पर्यावरण विभाग ने जारी किया आदेश
- सरकारी अनुदान की पात्रता नहीं होगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हाउसिंग बोर्ड द्वारा राज्य प्रवर्तित योजनाओं के तहत गरीबों के लिए बनाए गए आवास अब सामान्य लोग भी खरीद पाएंगे। राज्य मंत्रिपरिषद के इस निर्णय के बाद आवास एवं पर्यावरण विभाग ने हाउसिंग बोर्ड के आयुक्त के लिए इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में 14 नवंबर को हुई राज्य मंत्रिपरिषद (कैबिनेट) की बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया था। अब आवास एवं पर्यावरण विभाग ने इस संबंध में राज्य प्रवर्तित दीनदयाल आवास योजना, अटल आवास योजना, अटल विहार योजना एवं नवा रायपुर मुख्यमंत्री आवास योजना में ईडब्ल्यूएस एवं एलआईजी भवनों, फ्लैटों के विक्रय के लिए निर्धारित नियमों एवं शर्तों में अतिरिक्त शर्तों का समावेश करने की बात कही है।

### समूह में बिक्री भी हो सकती है

इस मामले में ये प्रावधान भी है कि ईडब्ल्यूएस एवं एलआईजी भवनों, फ्लैटों की बिक्री के लिए बार विज्ञापन होने के बाद भी अविक्रित भवनों को एकल व्यक्ति या शासकीय या अर्द्धशासकीय अथवा निजी संस्थाओं द्वारा एक से अधिक संपत्ति क्रय करने का प्रस्ताव दिया जाता है, तो एकल व्यक्ति या शासकीय या अर्द्धशासकीय अथवा निजी संस्था के नाम पर एक से अधिक भवनों को मांग अनुसार विक्रय किया जायेगा, परन्तु उन्हें शासन द्वारा स्वीकृत अनुदान की पात्रता नही होगी।

### तीन बार विज्ञापन के बाद भी नहीं बिके थे गरीबों के मकान

सामान्य लोगों को बेचने के पीछे ये तर्क दिया गया है कि ईडब्लुएस एवं एलआईजी भवनों, फ्लैटों के विक्रय के लिए 3 बार विज्ञापन होने के बाद भी नहीं बिक पाए थे। इसलिए ये फैसला किया गया है कि जो मकान नहीं बिक पाए हैं उन्हें पात्र हितग्राही के अतिरिक्त किसी भी आय वर्ग के हितग्राही को विक्रय किया जा सकता है, परन्तु उन्हे शासन द्वारा स्वीकृत अनुदान की पात्रता नही होगी। अनुदान की पात्रता केवल निर्धारित आय वर्ग के हितग्राही को ही होगी।

## 400 यूनिट छूट नहीं बहाल हुई तो कांग्रेस करेगी दिसंबर में मुख्यमंत्री निवास का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



सरकार द्वारा 200 यूनिट तक बिजली के दाम आधा करने का निर्णय जनता से धोखा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि वर्तमान निर्णय से सिर्फ उन्हीं उपभोक्ताओं का फायदा होगा, जिनकी कुल खपत 400 यूनिट है, उनको 200 यूनिट तक में आधा की छूट मिलेगी। जिनकी खपत 400 से 1 यूनिट भी अधिक होगी, उनको पूरा बिल देना होगा। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि 400 यूनिट तक बिजली के दाम आधा किया जाये। बिजली के दाम में कटौती तथा 400 यूनिट तक बिजली के दाम आधा नहीं किया, तो कांग्रेस दिसंबर में मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेगी। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी सरकार से मांग करती है, 30 नवंबर तक बिजली के दाम घटाए, 400 यूनिट तक बिजली के दाम आधा किया जाय, स्मार्ट मीटर लगाना बंद करे, जहां लग चुका है, वहां पुराना चेक मीटर लगा कर उसकी चेकिंग की जाय कि उसमें रीडिंग खपत से अधिक तो नहीं आ रही। उन्होंने कहा, बढ़े बिजली बिल ने आम जनता का बजट बिगाड़ दिया है। तीन महीने से आ रहे बेतहाशा बढ़ा बिजली बिल से राज्य का हर नागरिक परेशान है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि सरकार भूपेश सरकार के समय शुरू की गयी बिजली बिल हाफ योजना को फिर शुरू करे, ताकि जनता को बढ़े बिजली बिल में कुछ राहत मिल सके। बिजली उत्पादन का प्रमुख घटक कोयला है। कोयले पर लगने वाला सेस कम हो गया है, जिसके कारण कोयले का दाम न्यूनतम 400 रुपए कम हो गया है।

## चंद्रखुरी में प्रभु श्रीराम की भव्य मूर्ति स्थापना के लिए सांसद बृजमोहन का मुख्यमंत्री को पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर मां कौशल्या की पावन जन्मभूमि में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की गरिमा एवं पारंपरिक स्वरूपानुकूल भव्य मूर्ति की स्थापना की मांग की है। श्री अग्रवाल ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में लगाई गई मूर्ति का स्वरूप प्रभु श्री राम की पारंपरिक छवि से मेल नहीं खाता था, जिसके कारण व्यापक जन-विरोध उत्पन्न हुआ। वर्तमान सरकार के गठन के बाद भी यह मांग लगातार उठती रही, किंतु लगभग दो वर्षों के बाद भी मूर्ति परिवर्तन की प्रक्रिया पूर्ण नहीं होने से जनता में निराशा व्याप्त है। उनके संज्ञान में आया कि छत्तीसगढ़ के लिए निर्मित नई मूर्ति ग्वालियर में तैयार होने के बावजूद विभागीय उदासीनता के कारण उसे किसी अन्य राज्य में स्थापित किए जाने की स्थिति बन रही है जो अत्यंत चिंतनीय है। श्री अग्रवाल ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि अगले तीन महीनों के भीतर चंद्रखुरी में प्रभु श्री राम की पारंपरिक स्वरूपानुकूल भव्य मूर्ति की स्थापना सुनिश्चित की जाए तथा मां कौशल्या की जन्मभूमि के समग्र विकास हेतु एक विस्तृत मास्टर प्लान बनाकर प्राथमिकता से कार्य आरंभ किया जाए।

## अब तक 23.67 लाख क्विंटल धान खरीदी

- अपेक्स बैंक को 214 .18 करोड़ रुपए जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का सिलसिला जोर पकड़ने लगा है। धान खरीदी के 6वें दिन 20 नवंबर को किसानों से समर्थन मूल्य पर 9,00,615 क्विंटल धान खरीदा गया। राज्य में 15 नवंबर से लेकर 20 नवंबर तक कुल 23,66,958 क्विंटल धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर की जा चुकी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार धान खरीदी के साथ-साथ किसानों को समर्थन मूल्य का भुगतान भी शुरू कर दिया गया है। इसके लिए मार्कफेड द्वारा अपेक्स बैंक को 214.18 करोड़ रुपए जारी कर दिए गए हैं। यहां यह बता दें कि राज्य के किसानों से क्रय किए गए धान के मूल्य भुगतान के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने मार्कफेड को 26,200 करोड़ रुपए की बैंक गांरटी पहले से दे रखी है। धान खरीदी की व्यवस्था पर निगरानी के लिए सभी केन्द्रों में अधिकारी तैनात किए गए हैं। राज्य स्तर के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों और जिला स्तर के अधिकारी लगातार दौरा कर धान खरीदी एवं केन्द्रों की व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं।

**गड़बड़ी रोकने के लिए तगड़ी निगरानी**

राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में किसी भी तरह की गड़बड़ी न होने पाए, इसको लेकर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है। बाहर से धान की आवक की रोकथाम के लिए चेकपोस्ट पर अधिकारी तैनात किए गए हैं।

## रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थाएं की समितियों पर सख्ती

- 2742 आवेदन निरस्त, वार्षिक विवरण न देने पर एक का पंजीयन निरस्त

**रायपुर।** सोसाइटी अधिनियम के तहत पंजीयन के लिए सैकड़ों आवेदन प्रस्तुत किए जाते हैं। प्रस्तुत आवेदनों का रजिस्ट्रार, फर्म्स एवं संस्थाएं सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम के तहत परीक्षण के बाद स्वीकृति देता है। पंजीयन के लिए आवेदन पत्रों के परीक्षण के बाद जिन समितियों के आवेदन में कमी पायी गयी, उनको सुधार के लिए ऑनलाईन में समितियों को प्रेषित किया गया था। समितियों द्वारा 6 माह से अधिक समय के बाद भी सुधार नहीं किये जाने के कारण 2742 आवेदन पत्रों को निरस्त कर उनके द्वारा जमा पंजीयन के लिए प्राप्त राशि को राजसात किया गया। पंजीयक फर्म्स एवं सोसाइटी पद्मिनी भोई साहू ने बताया कि पंजीकृत समितियां जिनके द्वारा वार्षिक विवरणी प्रस्तुत नहीं किये जाने कार्रवाई की गई है। कई समिति द्वारा की गई उक्त धाराओं के उल्लंघन के लिये उल्लंघन नोटिस जारी किया गया। उल्लंघन नोटिस का उत्तर प्राप्त न होने पर निम्नांकित समितियों का पंजीयन निरस्त किया गया। इनमें सुंदर विहार कालोनी वेलफेयर सोसायटी, जिला दुर्ग, का पंजीयन निरस्त किया गया। इसके अतिरिक्त 15 समितियों को वार्षिक विवरणी प्रस्तुत न करने के कारण पंजीयन निरस्तीकरण नोटिस जारी किया गया।

## निर्णय से बेरोजगारी बढ़ेगी, आर्थिक मंदी आएगी

# गाइडलाइन की दरों में बढ़ोतरी को कांग्रेस ने बताया अनुचित, कहा- यह अदूरदर्शी निर्णय

भाजपा की सरकार आने के बाद भूमि की सरकारी दर 40 से 130 प्रतिशत बढ़ गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, जमीनों की गाइड लाइन दर बढ़ाने का कांग्रेस विरोध करती है। यह सरकार का अदूरदर्शी फैसला है। गाइडलाइन की दर बढ़ने से आम आदमी को परेशानी होगी, लोगों का मकान, दुकान, फैक्ट्री बनाने का खर्च बढ़ जाएगा। भूमि की खरीदी-बिक्री बंद हो जायेगी या कम हो जायेगी, बेरोजगारी बढ़ेगी।

यह प्रदेश के विकास में बाधा पहुंचाने वाला फैसला है। पूरे देश में ऐसा कहीं नहीं हुआ कि एक साल में जमीन की गाइडलाइन 130 प्रतिशत तक बढ़ा दी गयी हो। मुंबई, हैदराबाद, दिल्ली, पुणे जैसे एवं अन्य बड़े शहरों में भी जमीन की गाइडलाइन की दर एक बार में 10 से 15 प्रतिशत ही बढ़ाई जाने की परंपरा रही है। राजीव भवन में संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने कहा, सरकार पहले भूमि की गाइडलाइन दरों में कांग्रेस सरकार के समय दिये जाने वाले 30 प्रतिशत छूट को समाप्त कर दिया। अब अचानक से जमीनों की सरकारी कीमत 10 से 100 प्रतिशत बढ़ा दिया, मतलब छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आने के बाद भूमि की सरकारी कीमत 40 से 130 प्रतिशत बढ़ गयी। पिछले हफ्ते ही सरकार ने निवेश क्षेत्र में कृषि भूमि की रेट की गणना में परिवर्तन किया, यदि एक किसान को एक एकड़ जमीन बेचना है तो शुरुआत के 15 हजार वर्गफीट तक वर्गफीट के हिसाब से स्टांप ड्यूटी देना होगा तथा उसके बाद की जमीन पर हेक्टेयर के दर से स्टांप ड्यूटी देनी होगी।

### रियल एस्टेट व्यवसाय की कमर टूट जाएगी

सरकार ने पहले ही 5 डिसमिल से कम जमीनों की रजिस्ट्री पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिसके कारण गरीब आदमी मकान नहीं बना पा रहा। किसी के पास सिर्फ 1000 या 2000 वर्ग फीट जमीन है तो वह उसमें से आधा नहीं बेच सकता। ऐसा लगता है सरकार के फैसले जानबूझकर जनता को विशेषकर किसानों गरीबों और रियल एस्टेट से जुड़े हुये लोगों को परेशान करने के लिये, लिये गये है।

## कांग्रेस का आरोप-धान बेचने के लिए भटक रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



15 नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी के बाद अब इन उपार्जन केंद्रों में किसानों को धान बेचने काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। पहले तो टोकन के लिए भटके, फिर हड़ताली कर्मचारियों के कारण पूरा धान खरीदी तंत्र फेल रहा। इन समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने गुरुवार को धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया।

निरीक्षण में बताया कि गिरौद, मोहदी, धरसींवा एवं नगरगांव में बहुत से किसान भटक रहे हैं। कपसदा के फूलचंद साहू, राज साहू, पुष्पा शर्मा, लेखराम साहू, मोहदी से इजराइल खान, मुरेठी से कमल वर्मा, हरिश्चंद वर्मा सहित हजारों किसानों का पंजीयन कैरी फारवर्ड नहीं हुआ है, जिससे किसान परेशान हैं। अब वे तहसील कार्यालय एवं समितियों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। इस संबंध में जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष श्री वर्मा ने समिति के कर्मचारियों और तहसीलदार धरसींवा से बात की तो बताया गया कि सभी किसानों का रिकॉर्ड में जो रकबा कम हुआ है, उसे सुधारने की जरूरत है। समितियों में चॉइस सेंटर के अधिकृत व्यक्ति को जिम्मेदारी देकर 25 नवंबर तक सुधारने के निर्देश दिए हैं।

**आम सूचना**

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद
तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर

जारी दिनांक 10/11/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री चिराग अग्रवाल पिता/पति रमेश कुमार वगैरह निवासी जरौद छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम जरौद पटवारी हल्का नंबर 19 राजस्व निरीक्षक मंडल मंदिर हसौद स्थित भूमि जिसका खसरा 351, 352 रकबा 1.360, 1.390 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के आदेश दिनांक 07/11/2025 के परिपालन में दिनांक 25/11/2025 को समय 01 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि पटवारी हल्का नंबर 19 के जरौद में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मंदिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

राजस्व निरीक्षक
मंदिर हसौद

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील मंदिर हसौद, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/..../वाचक/तह./2025
मंदिर हसौद 15/11/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बिसम्भर लाल पिता/पति किसुन निवासी छतौना द्वारा ग्राम छतौना प.ह.नं. 22 रा.नि.मं. मंदिर हसौद तहसील मंदिर हसौद, जिला रायपुर की स्थित भूमि खसरा नं. कुल 06 रकबा कुल 1.21 हे., भूमिस्वामी किसुन के नाम पर दर्ज था। जिसे नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण को विक्रय/अधिग्रहित किया जा चुका है। उसका पूर्ण भुगतान किया जा चुका है। तदपश्चात विक्रेता की मृत्यु दिनांक 22/01/2024 को हो चुकी है किंतु शासन द्वारा दी जाने वाली अतिरिक्त राशि/बोनस हेतु मृत्यु होने से मृतक के विधिक वारिसानों का वंशावली प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। मृतक का विधिक वारिसान निम्नानुसार हैः- भुनेश्वर, बिसेसर राम, बिसम्भर लाल, पिता स्व. किसुन एवं पत्नि कांति पति स्व. किसुन है, इसके अतिरिक्त कोई वारिसान नहीं है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 30/11/2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः यह ईश्तहार आज दिनांक 15/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

(मुहर)
तहसीलदार
मंदिर हसौद (छत्तीसगढ़)

**खबर संक्षेप**

### आरंग में 71 किसानों से 75 लाख रुपए की धान खरीदी

**आरंग।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति आरंग में इस वर्ष धान उपार्जन की प्रक्रिया धीरे-धीरे रफ़्तार पकड़ रही है। समिति से जुड़े कुल 1491 किसान सदस्य हैं, जिनमें से कई किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान बेचना शुरू कर दिया है। वर्तमान तक उपार्जन केंद्र में 71 किसानों से 3051.60 क्विंटल धान की खरीदी दर्ज की गई है। खरीदे गए इस धान का कुल मूल्य लगभग 75 लाख रुपये बनता है। समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार खरीदी की राशि में से लगभग 15 लाख रुपये की ऋण वसूली की गई है। ऋण समायोजन के बाद किसानों को करीब 60 लाख रुपये का शुद्ध भुगतान किया जा रहा है। समिति के कर्मचारियों ने बताया कि भुगतान प्रक्रिया पारदर्शी और सुचारू रूप से पूरी की जा रही है ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। धान खरीदी प्रभारी अधिकारी नारायण साकार तथा सहायक महेंद्र वर्मा ने बताया कि धान खरीदी प्रतिदिन नियमित रूप से जारी है और किसानों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। समिति का प्रयास है कि किसानों को समय पर भुगतान मिले और उपार्जन प्रक्रिया बिना किसी बाधा के आगे बढ़ती रहे।

**निधन**

### उमा साहू

**आरंग।** नगर पंचायत समोदा अंतर्गत कुसमुंद निवासी उमा साहू का गत दिनो निधन हो गया। वह



59 वर्ष की थी। वह स्व. परमानंद साहू की पत्नी तथा सामाजिक कार्यकर्ता योगेंद्र साहू के माता थी। उनके शव यात्रा मे समस्त स्वजातीय बंधु, ग्रामीण जन शामिल हुए।

# ब्लाक के फाइनल विजेताओं को मिलेगा सांसद खेल महोत्सव में मौका : बृजमोहन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर**

■ 60-70 वर्ष के बुजुर्गों ने भी स्पर्धा में लिया भाग

जीवोदया नगर खेल ग्रांउड मे विकासखंड स्तरीय सांसद खेल महोत्सव के आयोजन मे मुख्य अतिथि रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने बच्चो को संबोधित करते कहा कि रायपुर लोकसभा मे 85 हजार खिलाड़ी इस उत्सव मे भाग लिये है इसमे स्कूल,कॉलेज के बच्चो के साथ 60-70 वर्ष के लोग भी इस खेल मे हिस्सा ले रहे है। विकासखंड स्तर मे फाइनल जीतने वाले खिलाड़ी जिले मे आयोजित सांसद खेल महोत्सव मे खेलने का अवसर मिलेगा। खेल आयोजन के माध्यम से हमे भारत को स्वस्थ्य बनाना है,खेल जीतना जरूरी नही है खेल मे सम्मिलित होना जरूरी है जिन लोगो ने खेल मे भाग लिया है सभी को बधाई,खेल मैदान हमे बहुत कुछ सीखाता है,लेकिन उससे ज्यादा महत्वपूर्ण बच्चो को शिक्षको,रेफरी,निर्णायको व कोच के माध्यम से अनुशासन सीखने को मिलता है खेल का मैदान सीखने का सबसे बड़ा मैदान है,मैदान मे अगर अनुशासन आ गया तो जीवन सफल हो जाता है इसके लिए खेल के मैदान मे खेलना जरूरी है।

**रायपुर लोकसभा मे 85 हजार खिलाड़ियों उत्सव में भाग लिया**



#### खेल मैदान के लिए 10 लाख की घोषणा

उन्होंने कहा कि आने वाले समय मे यह आयोजन और भी व्यवस्थित व भव्य होगा यही परिकल्पना है कि गांव के बच्चे खेल मे भाग ले जिससे अनुशासन आयेगा,साथ ही गलत रास्ते मे जाने वाले बच्चो मे सुधार आयेगा इस अवसर पर उन्होने गातापार खेल मैदान मे चेजिंग रूम बनाने के लिए 10 लाख रूपये का घोषणा किये। इस अवसर पर विधायक इन्द्रकुमार साहू ने बच्चो को संबोधित करते कहा कि अभनपुर विखं. से 14840 खिलाडियो ने इस उत्सव मे अपनी सहभागिता दी है,सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से सभी खिलाडियो को एक मंच मे आने का मौका मिला है,ग्रामीण अंचल के खिलाड़ी जिन्होने 10 विधाओ के खेल मे अपनी सहभागिता दी है आने वाले समय मे निश्चित रूप से खेल के माध्यम से प्रदेश व देश अपना नाम रोशन करेगे,खिलाडियो का उत्साहवर्धन करने के लिए सांसद बृजमोहन अग्रवाल का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर जपं. अध्यक्ष चंनद्रिका बंजारे, उपाध्यक्ष खेलू राम साहू ,एसडीएम रवि सिंह,सीईओ दीपक ठाकुर,सरपंच सावित्री कोसरे आदि प्रमुख जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## मुख्यकार्यपालन अधिकारी और थाने में सौंपा ज्ञापन, दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

# नगरगांव में गौशाला की बदहाली से चार गौवंशों की मौत से गौसेवकों में आक्रोश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा**

■ तीन-चार गौवंश के कंकाल भी बिखरे नजर आए

जनपद पंचायत धरसींवा के ग्राम नगरगांव में पिछली कांग्रेस सरकार की महत्वाकांक्षी गोठान योजना पहले ही दम तोड़ चुकी है अब गांव में बने गौशाला योजना की पोल खुल गई है। गांव में स्थित गौशाला में उचित देखरेख और पर्याप्त चारा-पानी के अभाव में लगभग 4 गौवंश की दर्दनाक मृत्यु हो गई है। गौशाला के अंदर पहले से ही तीन चार गौवंश के कंकाल भी बिखरे नजर आए, जो ग्राम पंचायत की घोर अनदेखी और योजना के मृतप्राय होने की पुष्टि करते हैं। इस घटना से गौसेवकों और ग्रामीणों में भारी नाराजगी और आक्रोश है। जनपद पंचायत धरसींवा के तहत ग्राम नगरगांव में फसल को घुमंतू मवेशियों से बचाने के लिए उन्हें अस्थाई गौशाला में रखा जाता है। लेकिन, गौसेवकों का आरोप है कि यहां गौवंश के लिए पर्याप्त चारा और पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। नतीजतन, गौवंश तड़प-तड़प कर मौत के मुंह में जा रहे हैं। गौसेवकों के एक समूह ने जब घटनास्थल का निरीक्षण किया, तो वहां गौवंश के नर कंकाल बिखरे हुए थे और 4 मृत गौवंश पड़े मिले। इस स्थिति ने यह साबित कर दिया कि गौशाला योजना जमीनी स्तर पर पूरी तरह विफल हो चुकी है और ग्राम पंचायत की तरफ से इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। गौसेवकों का आरोप लगाया है कि गौवंश की मौत ग्राम पंचायत की घोर अनदेखी का नतीजा है। गौशाला में न चारा है, न पानी। यह सरकारी योजना अब पूर्ण रूप से मृत हो चुकी है। दोषी कर्मचारियों और अधिकारियों पर तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए।





#### दोषियों पर होगी कार्रवाई

गौ शाला में गोवंश की मौत की खबर लगते ही जांच की आदेश दिए है दोषियों के खिलाफ कार्यवाही होगी व भविष्य में ऐसी घटना न हो उसका ध्यान रखा जाएगा।

-बी आर वर्मा
मुख्यकार्यपालन अधिकारी धरसींवा

#### सरपंच पति और रोजगार सहायिका पर अभद्रता का आरोप

गौसेवकों की टीम जब गौशाला की बदहाली का जायजा लेने पहुंची, तो उन्हें स्थानीय रोजगार सहायिका और सरपंच पति के विरोध का सामना करना पड़ा। गौसेवकों ने आरोप लगाया है कि इन दोनों ने उनके साथ अभद्रता और बदसुलूकी की जंहा गौसेवकों के अनुसार सरपंच पति और रोजगार सहायिका ने उनसे कहा कि यहां नेतागिरी कर रहे हो और निरीक्षण को लेकर विवाद किया। इस पूरे गंभीर मामले से ग्राम सरपंच पूरी तरह नदारद नजर आईं, जिससे पंचायत की जवाबदेही पर बड़ा सवाल खड़ा होता है।



#### थाना और जनपद कार्यालय में शिकायत, आंदोलन की चेतावनी

इस पूरे मामले को लेकर गौसेवकों ने तत्काल थाना धरसीवा और जनपद कार्यालय में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने दोषियों पर उचित और कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है। गौसेवकों ने साफ तौर पर चेतावनी दी है कि यदि इस मामले में शीघ्र कोई सख्त कार्यवाही नहीं की गई और गौवंश की देखरेख सुनिश्चित नहीं की गई, तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

# परीक्षा केंद्र यथावत रखने की मांग, प्राचार्य को ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने शासकीय नवीन महाविद्यालय तामासिवनी में प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर परीक्षा केंद्र को यथावत रखने की मांग की। विभाग संयोजक राधेश्याम साहू,जिला संयोजक भावेश नवरंगे व नगर मंत्री अनीस सूर्यवंशी ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा विश्वविद्यालय को परीक्षा केंद्र को अन्य महाविद्यालय स्थानांतरित करने हेतु पत्र भेजा गया है, जिसका विद्यार्थियों एवं विद्यार्थी परिषद ने कड़ा विरोध किया है। यह महाविद्यालय पिछले दो वर्षों से नियमित रूप से संचालित है और पूर्व में भी यहां सफलतापूर्वक परीक्षाएं आयोजित की गई हैं। इसके बावजूद इस वर्ष प्राचार्य द्वारा परीक्षा केंद्र बदलने का प्रयास किया गया है, जिससे विद्यार्थियों में रोष व्याप्त है। परीक्षा केंद्र को अन्य स्थान पर स्थानांतरित करना छात्रों के साथ अन्याय है और इससे उन्हें अनावश्यक परेशानी होगी,परीक्षा केंद्र को बदलने का निर्णय छात्रों के हित में नहीं है, इसलिए इसे तत्काल निरस्त किया जाना चाहिए।

### धान खरीदी में अव्यवस्था से किसान हैं परेशान

**धरसींवा/कूंरा।** धरसीवां विधानसभा की पूर्व विधायक अनीता योगेंद्र शर्मा ने गुरुवार को धान मंडी टेकारी और खौना का दौरा कर धान खरीदी व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों की समस्याओं को गंभीर बताते हुए भाजपा सरकार पर कड़े आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने का वादा सिर्फ घोषणाओं तक सीमित है। पटवारी और संबंधित अधिकारी किसानों की गिरदावरी में गलत रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं, जिसका सीधा नुकसान किसानों को उठाना पड़ रहा है।

पूर्व विधायक ने यह भी आरोप लगाया कि मंडियों में हड़ताल पर रहे कर्मचारियों और ऑपरेटरों को दबाव और धमकी देकर काम पर वापस लाया जा रहा है।

# छग संस्कृति में सीला बिनना अन्न व अन्नदाता का सम्मान



**आरंग।** छत्तीसगढ़ जिसे धान का कटोरा कहा जाता है, की संस्कृति और अर्थव्यवस्था का मूल आधार कृषि, विशेषकर धान है। शीला बीनना और धान के कण बीनना जैसे कार्य केवल कृषि से संबंधित गतिविधियां नहीं हैं, बल्कि ये ग्रामीण जीवन के संघर्ष, मेहनत और सामुदायिक भावना का प्रतीक हैं। फसल कटाई के बाद, खेतों में बचे हुए धान के छोटे-छोटे कणों (गिरकर छूट गए दानों) को चुनना ही /"शीला बीनना/" कहलाता है। यह कार्य प्रायः ग्रामीण महिलाएं और बच्चे करते हैं। यह उनकी मेहनत और अन्न के प्रति आदर को दर्शाता है। छत्तीसगढ़ की ग्रामीण संस्कृति में, अन्न के किसी भी हिस्से को बर्बाद न करने की मितव्ययिता की भावना निहित है। यह कार्य बताती है कि कैसे छोटे-छोटे प्रयास भी जीवनयापन में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। भोथली गांव के बुजुर्ग घनश्याम लाखे (74 वर्ष) बताते हैं कि उनके समय में पहले विद्यालय में शीला बिनने की छुट्टी होती थी पर अब हार्वेस्टर के आने से यह परंपरा कम हुई है शिक्षकों की माने तो धान लुवाई के कारण उपस्थिति में आंशिक कमी हुई है खासकर ग्रामीण अंचलों में महिलाएं एवं बच्चे समूह में मिलकर प्रसन्नता से शीला बिनते है जो सामुदायिक सहभागिता और सद्भाव को दर्शाता है।

# रानी लक्ष्मीबाई जयंती सशिमं गुल्लू में मनाई



**आरंग।** सरस्वती शिशु मंदिर गुल्लू में वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई की जयंती धूमधाम से मनाई गई।इस अवसर पर प्रधानाचार्य डोमार सिंह लोधी ने रानी लक्ष्मी बाई के जीवन,साहस और 1857 के विद्रोह में उनके बलिदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान आचार्य दीदी लुकेश्वरी लोधी ने लक्ष्मीबाई के त्याग और राष्ट्र के प्रति समर्पण और गाथा सुनाई।जिससे छात्रों को प्रेरणा मिली।विद्यालय के छात्रों ने अपनी प्रस्तुतियां दी जिसमें कविता पाठ और नुक्कड़ नाटक शामिल था, जो ' बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, के संदेश पर केंद्रित था। छात्रा ने अपनी कविता पाठ के माध्यम से यह संदेश दिया कि आज की बिटिया के हाथों में कलम देकर उन्हें भी लक्ष्मीबाई की तरह शसक्त बनाया जा सकता है, क्योंकि वे शिक्षा के माध्यम से देश की सेवा कर सकती हैं। कार्यक्रम की शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना और महान विभूतियों के चित्रों पर माल्यार्पण के साथ हुआ।

### एचटी बिजली का करंट जमीन पर फैला शिकायत पर कार्रवाई नहीं

**सिलयारी।** औद्योगिक क्षेत्र ग्राम सांकरा सिलतरा में बिजली विभाग द्वारा घोर लापरवाही देखी जा रही है 11 किलोवाट की बिजली खंभे पर लगे पौधे से जमीन तक करंट पहुंच रहा है और चिंगारियां छोड़ रही है बिजली विभाग को सुचित करने के बावजूद इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है शायद बिजली विभाग किसी आम आदमी की मौत का इंतजार कर रहे हैं वहीं बिजली विभाग द्वारा हुकिंग बिजली चोरी देखकर भी अनदेखा कर रहे हैं जिसका अधिभार आम जनता को चुकानी पड़ रही है वार्ड नंबर 19 मे स्कूल समीप 11 किलोवाट बिजली पुरा पेड़ से ऊपर से नीचे तक पहुंच गया है जहां स्कूली बच्चे सायकल पार्किंग करते हैं वहीं वार्ड नंबर 20 में घरेलू बिजली वायर खंभे की सर्विस वायर जमीन से महज तीन फिट छुने को बची है। वहीं सिलतरा में रोड किनारे औद्योगिक क्षेत्र में जहां उद्योग की पानी सप्लाई होती है वहां पौधे की नार से खंभे नजर नहीं आ रही है 11 किलोवाट की तार से लिपटा हुआ है और पानी सप्लाई चालु है ऐसे में बिजली विभाग कुंभकर्ण नींद में सो रहे हैं लेकिन इस ओर ध्यान आकर्षित नहीं हो रहा।

# अनुकंपा नियुक्ति और इंक्रीमेंट की मांग पर स्वास्थ्य सचिव को ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग**



छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न लंबित मांगों और समस्याओं के निराकरण हेतु लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव अमित कटारिया से मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की तथा उन्हें ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संरक्षक/सलाहकार ओ.पी. शर्मा और प्रांतीय महामंत्री एस.पी. देवांगन ने किया। उन्होंने बताया कि कर्मचारी पिछले लंबे समय से कई महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर संघर्षरत हैं, जिन पर समाधान की आवश्यकता है। मुख्य मांगे एवं चर्चा के विषय निम्न है अनुकंपा नियुक्त सहायक ग्रेड-03 (लगभग 188 कर्मचारी) की 10–12 वर्षों से कौशल परीक्षा न होने के कारण वेतन वृद्धि एवं वरिष्ठता का लाभ नहीं मिल पा रहा है। नियुक्ति दिनांक से लाभ प्रदान करने हेतु नियमों में शिथिलता की मांग की गई। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग व वित्त विभाग को भी ज्ञापन सौंपा गया। भारी वाहन चालक के रूप में कार्यरत चालकों को 2200 ग्रेड पे प्रदान करने का अनुरोध किया गया, जैसा कि चिकित्सा शिक्षा विभाग में पहले से लागू है। स्टाफ नर्स, नर्सिंग सिस्टर, ड्रेसर ग्रेड-01 एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पदनाम परिवर्तन की मांग की गई, जो केंद्र एवं मध्यप्रदेश शासन के अनुरूप हो। एक पाली में ओपीडी संचालन पर विस्तृत चर्चा की गई, जिस पर सचिव महोदय पूर्णतः सहमत हुए। बीईटीओ/नर्सिंग सिस्टर के पदोन्नति संबंधी मुद्दे तथा नर्सिंग सिस्टर्स को कई वर्षों से समयमान न मिलने की समस्या रखी गई। नेत्र सहायक अधिकारी, एमएलटी एवं रेडियोग्राफर कोर्स का उन्नयन कर इन्हें डिग्री कोर्स बनाने का प्रस्ताव रखा गया। अध्ययन अवकाश स्वीकृत न होने से उत्पन्न समस्याएं, रिकवरी नोटिस एवं कई संस्थानों में वेतन रोकने की शिकायतें रखते हुए अवकाश शीघ्र मंजूर करने का निवेदन किया गया। प्रतिनिधिमंडल द्वारा अन्य लंबित मांगें भी रखी गईं। सचिव श्री कटारिया ने दिसंबर माह में परामर्श दात्री समिति की बैठक आयोजित कर सभी मांगों पर विस्तृत चर्चा करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में ओ.पी. शर्मा (प्रधान संरक्षक/सलाहकार), एस.पी. देवांगन (प्रांतीय महामंत्री), एस.एस. सोनी (जिला संरक्षक), सालिक नौरंगे (जिलाध्यक्ष रायपुर), अमृत लाल निषाद (प्रांतीय संयोजक—एमएलटी प्रकोष्ठ), सुभाष सहारे (प्रांतीय संयोजक—वाहन चालक), कमल चंद्राकर (अध्यक्ष ब्लॉक अभनपुर), उत्तम सोनवानी, तीरथ निषाद, हितेश निर्मलकर, असवन टंडन तथा कसडोल से टंडन उपस्थित रहे।

# उपार्जन केन्द्र रीवा के कर्मचारियों ने सक्रियता का दिया परिचय, 4 दिन में खरीदी 10019 कट्टा धान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग**

■ तहसीलदार ज्योति सिंह ने टीम के कार्य की खुलकर सराहना की

समर्थन मूल्य पर चल रहे धान खरीदी अभियान के दौरान धान उपार्जन केन्द्र रीवा में इस वर्ष प्रशासनिक व्यवस्था विशेष रूप से चुस्त-दुरुस्त दिखाई दे रही है। केन्द्र के निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी के रूप में उपार्जन केंद्र में तैनात तहसीलदार ज्योति सिंह ने कर्मचारियों की कार्यप्रणाली की भूरि–भूरि प्रशंसा की। खरीदी केंद्र में तैनात कर्मचारीयो की आपसी तालमेल की बदौलत 4 दिन में रिकार्ड 10 हजार 19 कट्टा धाम खरीदी की।खरीदी पर ज्योति सिंह ने कहा कि उपार्जन केन्द्र की व्यवस्था तभी सफल मानी जाती है, जब तुलाई से लेकर पर्ची वितरण और भंडारण तक हर कार्य समय पर और पारदर्शी तरीके से पूर्ण हो। उपजन केन्द्र रीवा की टीम ने इस दिशा में उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। तहसीलदार ज्योति सिंह ने विशेष रूप से हर्षवर्धन गुरु गोस्वामी एफ.पी.ओ. जनपद पंचायत आरंग, योगेश दास पनका, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सन्तराम साहू, पटवारी लेखपाल बंसी, कामता साहू, फड़ सहायक टिकू साहू, बारदाना प्रभारी गोलू, मयंक तथा कंप्यूटर ऑपरेटर राजेश साहू के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सभी कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण दक्षता, निपुणता और ईमानदारी से कर रहे हैं। ज्योति सिंह ने आगे कहा कि कर्मचारियों की यही प्रतिबद्धता किसानों की सुविधा को सुनिश्चित करती है। टीमवर्क और समन्वय की बदौलत केन्द्र में न तो भीड़भाड़ की समस्या दिख रही है और न ही किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आगामी दिनों में भी सभी कर्मचारी इसी ऊर्जा और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे, ताकि खरीदी व्यवस्था लगातार सुचारू और पारदर्शी बनी रहे।

### भानसोज उपार्जन केंद्र में तीन दिन में 1762 क्विंटल धान की खरीदी

**आरंग।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अभियान के तहत भानसोज उपार्जन केन्द्र में किसानों की निरंतर आवक बनी हुई है। केन्द्र में सोमवार से जारी तीन दिन में अब तक 41 लाख 74 हजार 178 रु की 1762 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। साथ ही 4 लाख 90 हजार 345 रु की ऋण वसूली भी की गई। खरीदी प्रक्रिया पूरी तरह सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी बनी हुई है। खरीदी प्रभारी देशलहरे के निर्देशन में तौल, गुणवत्ता परीक्षण, वजन पर्ची जारी करने तथा धान भंडारण की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो रही है। किसानों ने बताया कि केन्द्र में तुलाई में किसी प्रकार की बाधा नहीं आ रही है और उन्हें समय पर पर्ची मिल रही है। केन्द्र प्रबंधन ने बताया कि समर्थन मूल्य पर खरीदी लक्षित प्रक्रिया के अनुसार नियमित रूप से जारी रहेगी। किसानों को तुलाई से लेकर भुगतान तक की हर प्रक्रिया का सही संचालन सुनिश्चित किया जा रहा है। खरीदी प्रभारी देशलहरे ने कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए पूरा स्टाफ सतर्क और सक्रिय है।

### पंजीयन के बाद फॉरवर्ड नहीं होने से धान खरीदी प्रभावित

**कूंरा।** 15 नवंबर से धान खरीदी केंद्रों में किसानों को धान बेचने में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है पहले तो टोकन के लिए फिर हड़ताली कर्मचारी के कारण पूरा खरीदी तंत्र फेल रहा सोमवार से वैकल्पिक व्यवस्था कर्मचारी समितियों में धान खरीदी करने पहुंचे लेकिन कही भी सही ढंग से खरीदी नहीं हुआ आज हड़ताली कर्मचारी हड़ताल से वापस आ गया फिर भी अभी इन लोगों को ज्वाइनिंग नहीं हुआ है। वैकल्पिक कर्मचारी ही खरीदी कर रहे है ,जब किसान टोकन कटाने पोर्टल पर गए तब पता चला कि रकबा कट गया है अब किसान लगातार समितियों में चक्कर लगा रहे हैं बहुत किसानों से आज संपर्क हुआ जब मैं धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण करने गिरौद, मोहदी, धरसीवां एवं नगरगांव में बहुत से किसान भटक रहे है कपसदा के फूलचंद साहू, राज साहू, पुष्पा शर्मा, लेखराम साहू, मोहदी से इज़राइल खान , मुरेठी से कमल वर्मा, हरिश्चंद वर्मा, सहित हजारों किसानों का कैरिफारवर्ड नहीं हुआ है अब किसान परेशान है।

**पेज 11 के शेष...**

### लैंडिंग से ठीक ...

हुआ और समस्याओं का सामना करना पड़ा। दरअसल, जो फ्लाइट दिल्ली से रायपुर आने वाली थी, उसे ही रायपुर से पुनः दिल्ली वापस जाना था। चूंकि यह फ्लाइट दिल्ली से सीधे रायपुर आने के स्थान पर भुवनेश्वर मोड़ दी गई, इसलिए वहां से रायपुर आने में इसे विलंब हुआ। रायपुर में विलंब से पहुंचने के कारण फ्लाइट ने दिल्ली के लिए देर से उड़ान भरी। जिस फ्लाइट को 11.45 के करीब दिल्ली के पहुंचना था, वह दोपहर 3.15 बजे पहुंची।

32 टंकियों से आज शाम नहीं मिलेगा पानी...
कचना, आमासिवनी, देवपुरी, बोरियाखुर्द, जोरा, भनपुरी, नया पानी टंकी, रायपुरा, कुकुरबेड़ा पानी टंकी के अलावा 80 एमएलडी प्लांट से भरने वाली टंकियां बैरनबाजार नया पानी टंकी, देवेंद्र नगर नया पानी टंकी, संजय नगर, मोतीबाग पानी टंकी से पानी नहीं मिलेगा। इन टंकियों से 22 नवंबर की सुबह जल प्रदाय नियमित रूप से होगा।

### इंग्लिश में औसत ...

प्रदर्शन सुधारने शिक्षकों और प्रधान पाठकों को दिशा-निर्देश दिए गए हैं। गौरतलब है कि पिछले शैक्षणिक सत्र से पांचवी-आठवीं की परीक्षाएं भी बोर्ड कर दी गई हैं। इसके बाद से इन कक्षाओं के परीक्षा परिणामों की मॉनिटरिंग की जा रही है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य जुगल किशोर अग्रवाल एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. सुशील जैन के नेतृत्व में यह निरीक्षण किया गया। उन्होंने इस दौरान तिल्दा विकासखंड के प्राथमिक शाला बंगोली, नवीन प्राथमिक शाला मांठ, प्राथमिक शाला बिठिया, पूर्व माध्यमिक शाला असौंद व मांड के छात्रों से चर्चा कर पढ़ाई की स्थिति जानी। अवलोकन के दौरान प्रधान पाठक सहित समस्त शिक्षक उपस्थित मिले, लेकिन छात्रों का प्रदर्शन अपेक्षाकृत औसत रहा।

### विधि विवि कुलसचिव ...

अपने शैक्षणिक एवं प्रशासनिक नेतृत्व को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ये भर्तियां की जा रही हैं। यह भर्ती प्रक्रिया एचएनएलयू की शैक्षणिक उत्कृष्टता, कुशल प्रशासनिक शासन और छात्र-केंद्रित बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। सभी पदों के लिए आवेदन केवल ऑनलाइन मोड में ही किए जा सकेंगे। विस्तृत अधिसूचना तथा विभिन्न पदों के लिए निर्धारित न्यूनतम योग्यता विवि के आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

<B>विवि ने बनाई स्टाफ करूणा निधि <B>
एचएनएलयू ने अपने कर्मचारियों की वित्तीय सहायता के लिए स्टाफ करुणा निधि नीति की शुरुआत की है। विवि प्रबंधन ने इसकी घोषणा करते हुए कहा, यह वित्तीय सहायता तंत्र है, जिसका उद्देश्य अप्रत्याशित वित्तीय कठिनाइयों का सामना कर रहे पात्र कर्मचारियों और आउटसोर्स कर्मचारियों को सहायता प्रदान करना है। स्टाफ करूणा निधि के माध्यम से चिकित्सीय आपात स्थितियों, दुर्घटनाओं, शोक, प्राकृतिक आपदाओं और इसी प्रकार की संकटपूर्ण घटनाओं में समय पर सहायता प्रदान की जाएगी। यह नीति विश्वविद्यालय के ग्रुप डी कर्मचारियों पर लागू होगी, जिनकी मासिक आय एक लाख रूपए से कम है। परिसर में तैनात आउटसोर्स कर्मचारी भी इसके अंतर्गत आएंगे। सहायता केवल पात्र कर्मचारियों के निकटतम आश्रितों तक सीमित होगी। आउटसोर्स कर्मचारियों के परिवार इस दायरे में नहीं आएंगे।

<B>छात्र भी दे सकेंगे दान <B>
एचएनएलयू स्टाफ करुणा निधि के आय के स्रोतों में कर्मचारियों का स्वैच्छिक योगदान, पूर्व छात्रों और अन्य दाताओं से प्राप्त दान, प्रॉक्टोरियल बोर्ड द्वारा एकत्रित दंड राशि,
ब्याज आय, तथा विश्वविद्यालय के सामान्य कोष से एक करोड़ की एकमुश्त निधि शामिल है। यह मूल निधि यथावत रखी जाएगी और केवल ब्याज व दान की राशि का उपयोग सहायता के लिए किया जाएगा। निधि के संचालन के लिए एचएनएलयू करुणा निधि समिति (एचसीएफसी) का गठन किया गया है, जिसमें कुलसचिव (संयोजक), वित्त अधिकारी (कोषाध्यक्ष), दो संकाय सदस्य और एक कर्मचारी प्रतिनिधि शामिल हैं। निर्णय के लिए न्यूनतम तीन सदस्यों की उपस्थिति आवश्यक होगी।

### जयस्तंभ चौक से तात्यापारा-फाफाडीह तक मुख्य मार्ग से लगी जमीन 1.20 लाख से बढ़कर 1.95 लाख तक पहुंची

# नई गाइडलाइन से जमीन की कीमतों में बूम जानिए शहर के 70 वार्डों में जमीन के नए रेट

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए नई गाइड लाइन दरें जारी की हैं। इस गाइड लाइन के जारी होने के बाद रायपुर नगर निगम की जमीन की कीमतों में भी भारी उछाल आया है, जिससे प्रति वर्गमीटर में अधिकतम 75 हजार रुपए की वृद्धि आई है। नई गाइड लाइन के बाद उप पंजीयक कार्यालय रायपुर ने नगर निगम रायपुर के सभी वार्डों में जमीन की नई दरें तय की हैं। ये दरें जमीन के मुख्य मार्ग पर स्थित होने की स्थिति में 20 मीटर तक तथा मुख्य मार्ग से अंदर होने पर 20 मीटर के बाद की स्थिति की है। नई दरों के अनुसार सबसे ज्यादा कीमत जयस्तंभ चौक से तात्यापारा और फाफाडीह जाने वाले मुख्य मार्ग से लगी जमीन की बढ़ी है। वर्ष 2018 में इन मार्गों से लगी जमीन प्रति वर्गमीटर 1 लाख 20 हजार रुपए थी, जो बढ़कर अब 1 लाख 95 हजार पहुंच गई है।



## जयस्तंभ चौक पर रेट का गणित ऐसे समझें

नई गाइडलाइन लागू होने के बाद जयस्तंभ चौक क्षेत्र में भूमि दरों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। नई दरों के अनुसार, जयस्तंभ चौक में एक वर्गमीटर भूमि का मूल्य 1,95,000 निर्धारित किया गया है। चूँकि 1 वर्गमीटर में 10.76 वर्गफीट होते हैं, इसलिए अब यहाँ भूमि की कीमत लगभग 18,123 प्रति वर्गफीट बैठती है। इससे पूर्व, जयस्तंभ चौक में एक वर्गमीटर भूमि का मूल्य 1,20,000 था, जो प्रति वर्गफीट 11,152 के बराबर होता है। इस प्रकार नई गाइडलाइन के बाद जयस्तंभ चौक में जमीन की प्रति फीट कीमत में लगभग 6,971 की वृद्धि हुई है। इसी प्रकार, जयस्तंभ चौक के आसपास के क्षेत्रों में भी नई गाइडलाइन लागू होने के बाद भूमि मूल्य में वृद्धि देखी जा रही है। यहाँ प्रति वर्गफीट जमीन की नई दर 18,139 हो गई है, जबकि पूर्व में यह 11,162 प्रति वर्गफीट थी। नई गाइडलाइन लागू होने के बाद भूमि दरों में आई यह बढ़ोतरी बाजार की तेजी और क्षेत्र के बढ़ते व्यावसायिक महत्व को दर्शाती है।

## वार्डवार वर्गमीटर में नई दरें

| वार्ड नाम | वर्ग मी. (मुख्य मार्ग पर) | (मुख्य मार्ग के अंदर) |
|---|---|---|
| **वीरसावरकर नगर वार्ड** | | |
| स्वीकृत अभिविन्यास आवासीय | 15000 | - |
| स्वीकृत अभिविन्यास व्यावसायिक | 24000 | 19000 |
| हाउसिंग बोर्ड-आरडीए योजना | 12000 | - |
| **पं.जवाहरलाल नेहरू वार्ड** | | |
| हीरापुर से भनपुरी तिराहा तक | 30000 | 16000 |
| रिंग रोड 2 से कबीर नगर होते हुए जीई रोड तक | 27000 | 18000 |
| हीरापुर चौक से महोबा बाजार तक | 27000 | 16000 |
| वार्ड अंतर्गत अन्य मुख्य संपर्क मार्ग | 25000 | 15000 |
| हाउसिंग बोर्ड-आरडीए योजना | 15000 | - |
| स्वीकृत अभिविन्यास आवासीय | 24000 | - |
| स्वीकृत अभिविन्यास व्यावसायिक | 35000 | 28000 |
| **संत कबीरदास वार्ड** | | |
| रिंग रोड 2 से रेलवे लाइन तक | 21000 | 12000 |
| वार्ड अंतर्गत मुख्य संपर्क मार्ग | 20000 | 12000 |
| स्वीकृत अभिविन्यास, आवासीय | - | 13000 |
| स्वीकृत अभिविन्यास, व्यावसायिक | 20000 | 16000 |
| **यतीयतन लाल वार्ड** | | |
| डब्ल्यूआरएस रेलवे अंडरब्रिज से भनपुरी तिराहा तक | 60000 | 18000 |
| भनपुरी तिराहा चौक से हीरापुर चौक मार्ग | 30000 | 12000 |
| रिंग रोड 2 से रेलवे लाइन तक | 21000 | 12000 |
| वार्ड अंतर्गत अन्य मुख्य संपर्क मार्ग | 27000 | 12000 |
| स्वीकृत अभिविन्यास, आवासीय | 17000 | - |
| स्वीकृत अभिविन्यास, व्यावसायिक | 35000 | 28000 |
| **बंजारी माता वार्ड** | | |
| भनपुरी तिराहा से डब्ल्यूआरएस रेलवे अंडरब्रिज तक | 60000 | 18000 |
| वार्ड अंतर्गत अन्य मुख्य संपर्क मार्ग | 20000 | 8000 |
| स्वीकृत अभिविन्यास, आवासीय | 16000 | |
| स्वीकृत अभिविन्यास, व्यावसायिक | 20000 | 18000 |
| **वीरांगना अवंति बाई वार्ड** | | |
| डब्ल्यूआरएस रेलवे अंडरब्रिज से भनपुरी तिराहा तक-बिलासपुर-रायपुर मार्ग | 6000 | 18000 |
| वार्ड अंतर्गत अन्य मुख्य संपर्क मार्ग | 12000 | 6000 |
| **कुशाभाउ ठाकरे वार्ड** | | |
| बलौदाबाजार से दलदल सिवनी मार्ग | 27000 | 12000 |
| बलौदाबाजार रोड से विज्ञान केंद्र तक | 27000 | 12000 |
| वार्ड अंतर्गत अन्य मुख्य संपर्क मार्ग | 27000 | 12000 |
| स्वीकृत अभिविन्यास, आवासीय | 24000 | |
| स्वीकृत अभिविन्यास, व्यावसायिक | 40000 | 30000 |
| अंबुजा माल मार्ग | 90000 | - |
| **महात्मा गांधी वार्ड** | | |
| अंबुजा माल से बलौदाबाजार रोड रायपुर-बलौदाबाजार मार्ग | 34000 | 18000 |
| आमासिवनी रिंग रोड-3 वार्ड सीमा | 22000 | 12000 |
| बलौदाबाजार रोड से चैतन्य ग्रीन | 27000 | 12000 |
| **होकर रिंग रोड-3 मार्ग** | | |
| बलौदाबाजार रोड से बस्ती जाने वाला सहित अन्य मुख्य मार्ग | 27000 | 14000 |
| स्वीकृत अभिविन्यास, आवासीय | 20000 | - |
| स्वीकृत अभिविन्यास, व्यावसायिक | 25000 | 20000 |
| हाउसिंग बोर्ड-आरडीए योजना | - | 15000 |
| **मोतीलाल नेहरू वार्ड** | | |
| शंकरनगर टर्निंग से अशोका रतन होकर बलौदाबाजार मिलान बिंदु मार्ग | 40000 | 25000 |
| रायपुर-बलौदाबाजार मार्ग | 34000 | 18000 |
| आमासिवनी रिंग रोड-3 वार्ड सीमा | 22000 | 12000 |
| खम्हारडीह थाना रेलवे क्रासिंग कचना होते हुए शांति सरोवर मार्ग | 30000 | 25000 |
| वार्ड अंतर्गत अन्य प्रमुख मार्ग | 25000 | 20000 |
| स्वीकृत अभिविन्यास, आवासीय | - | 24000 |
| स्वीकृत अभिविन्यास, व्यावसायिक | 37000 | 30000 |
| हाउसिंग बोर्ड-आरडीए योजना | - | 22000 |
| **रानी लक्ष्मी बाई वार्ड** | | |
| शंकरनगर टर्निंग पाइंट से अशोका रतन बलौबाजार मिलान बिंदु सीमा अंतर्गत | 40000 | 25000 |
| रायपुर-बलौदाबाजार मार्ग में मोवा रेलवे क्रासिंग से वार्ड सीमा अंतर्गत | 45000 | 25000 |
| वार्ड अंतर्गत अन्य प्रमुख मार्ग | 35000 | 25000 |
| स्वीकृत अभिविन्यास, आवासीय | - | 30000 |
| स्वीकृत अभिविन्यास, व्यावसायिक | 55000 | 45000 |
| **डा. भीमराव आंबेडकर वार्ड** | | |
| रायपुर-बलौदाबाजार रोड मार्ग सीमा अंतर्गत | 45000 | 20000 |
| बलौदाबाजार रोड से दलदल सिवनी जाने वाला मार्ग सीता तक | 30000 | 20000 |
| मोवा थाना से दलदल सिवनी जाने वाला सीमा अंतर्गत | 30000 | 20000 |
| वार्ड अंतर्गत अन्य प्रमुख मार्ग | 30000 | 20000 |
| स्वीकृत अभिविन्यास, आवासीय | - | 30000 |
| स्वीकृत अभिविन्यास, व्यावसायिक | 50000 | 40000 |
| **कालीमाता वार्ड** | | |
| रायपुर-बलौदाबाजार मार्ग सीमा | 120000 | 40000 |
| अवंति बाई लौधी चौक से शंकरनगर टर्निंग पाइंट तक | 50000 | 40000 |
| **राजीव गांधी वार्ड** | | |
| रायपुर-बिलासपुर मार्ग में फाफाडी चौक तक सीमा | 120000 | 35000 |
| रामजानकी मंदिर नारायण हास्पिटल होकर बिलासपुर मार्ग | 110000 | 35000 |
| देवेंद्रनगर चौक से एक्सप्रेस वे मार्ग | 110000 | 35000 |
| अटल पाथ एक्सप्रेस-वे सीमा | - | 55000 |
| रमण मंदिर वार्ड | | |
| सिटीरायपुर-बिलासपुर मार्ग में फाफाडीह चौक से वार्ड सीमा तक | 120000 | 35000 |
| नहरपारा चौक से मिलान बिंदु चौक तक | 170000 | 60000 |
| **कन्हैयालाल बंजारी वार्ड** | | |
| रायपुर-बिलासपुर मार्ग पर फाफाडीह चौक से सीमा तक | 60000 | 18000 |
| वार्ड अंतर्गत अन्य प्रमुख मार्ग | 35000 | 12000 |
| **वीर शिवाजी वार्ड** | | |
| वार्ड अंतर्गत अन्य प्रमुख मार्ग | 35000 | 13000 |
| **ठक्कर बापा वार्ड** | | |
| रिंग रोड-2 से रेलवे लाइन तक भारत माता चौक | 21000 | 12000 |
| वार्ड अंतर्गत अन्य प्रमुख मार्ग | 18000 | 12000 |
| **बाल गंगाधर तिलक वार्ड** | | |
| भारत माता चौक से गोंदवारा-गोगांव जाने वाला मार्ग सहित अन्य प्रमुख सीमा मार्ग | 17000 | 12000 |
| **डा. एपीजे अब्दुल कलाम वार्ड** | | |
| भारत माता चौक से विवेकानंद विद्यापीठ जाने वाला मार्ग | 35000 | 15000 |
| **रामकृष्ण परमहंस वार्ड** | | |
| जीई रोड से कबीरनगर जाने वाला मार्ग में रेलवे क्रासिंग तक | 27000 | 18000 |
| वार्ड अंतर्गत अन्य प्रमुख मार्ग | 17000 | 11000 |
| **शहीद भगत सिंह चौक वार्ड** | | |
| टाटीबंध से सरोना चौक मार्ग | 40000 | 18000 |
| टाटीबंध चौक से हीरापुर चौक भनपुरी मार्ग | 30000 | 20000 |
| टाटीबंध चौक से आमापारा जाने वाला मार्ग | 60000 | 23000 |
| **पं. ईश्वरी चरण शुक्ल वार्ड** | | |
| जीई रोड में टाटीबंध चौक से आरके मॉल जाने वाला मार्ग | 60000 | 23000 |
| आरके मॉल से रेलवे ओवरब्रिज मार्ग | 110000 | 25000 |
| टाटीबंध चौक से रायपुरा रिंग रोड-1 मार्ग | 40000 | 15000 |
| रिंग रोड में सरोना से आमानाका थाना मार्ग | 17000 | 10000 |
| जीई रोड से रोहिणीपुरम, गोलचौक, अनुपम गार्डन, डंगनिया मार्ग | 30000 | 23000 |
| **शहीद मनमोहन सिंह बख्शी वार्ड** | | |
| जगन्नाथ चौक से दिशा कॉलेज रेलवे अंडरब्रिज तक | 36000 | 12000 |
| **सरदार वल्लभ भाई पटेल** | | |
| तेलघानी नाका से दिशा कॉलेज मार्ग | 36000 | 8000 |
| अन्य प्रमुख मार्ग | 19000 | 8000 |
| **संत रामदास वार्ड** | | |
| वार्ड अंतर्गत प्रमुख मार्ग | 36000 | 15000 |
| **दानवीर भामाशाह वार्ड** | | |
| गुढ़ियारी से शुक्रवारी बाजार, पहाड़ी चौक मार्ग | 36000 | 12000 |
| गुढ़ियारी मार्केट | 65000 | 17000 |
| अन्य प्रमुख मार्ग | 30000 | 12000 |
| इंदिरा गांधी वार्ड | | |
| जयस्तंभ चौक से मौदहापारा होते हुए फाफाडीह चौक | 145000 | 95000 |
| एमजी रोड, शारदा चौक से गुरुनानक चौक, राठौर चौक | 170000 | 85000 |
| तात्यापारा से रामसागरपारा | 100000 | 60000 |
| केलकरपारा, जोरापारा | - | 40000 |
| **शहीद हेमू कालाणी वार्ड** | | |
| शास्त्री चौक से जेल रोड फाफाडीह तक | 195000 | 95000 |
| पंडरी मार्केट एरिया | 150000 | 100000 |
| सिटी सेंटर माल | - | 120000 |
| **गुरू गोविंद सिंह वार्ड** | | |
| वार्ड अंतर्गत प्रमुख मार्ग | 50000 | 36000 |
| शंकरनगर, खम्हारडीह, अवंति विहार मार्ग | 50000 | 40000 |
| **नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड** | | |
| वार्ड अंतर्गत प्रमुख मार्ग | 50000 | 25000 |
| **महर्षि वाल्मिकी वार्ड** | | |
| जीई रोड, तेलीबांधा चौक, वीआईपी तिराहा चौक | 125000 | 45000 |
| वीआईपी तिराहा से अग्रसेन धाम तक | 80000 | 35000 |
| मैग्नेटो मॉल | - | 90000 |
| **शहीद वीरनारायण सिंह वार्ड** | | |
| भगतसिंह चौक से तेलीबांधा मार्ग | 125000 | 45000 |
| केनॉल लिंकिंग रोड सीमा | 50000 | - |
| पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड | | |
| शास्त्री चौक, कचहरी चौक सीमा | 195000 | 95000 |
| अंबेडकर अस्पताल से कचहरी चौक तक | 155000 | 65000 |
| **अब्दुल हमीद वार्ड** | | |
| शास्त्री चौक से स्टेशन जाने वाले मार्ग फाफाडीह चौक तक | 195000 | 95000 |
| अन्य प्रमुख मार्ग | 90000 | 35000 |
| **तात्यापारा वार्ड** | | |
| आजाद चौक से हांडीपारा होकर तात्यापारा चौक तक | 90000 | 35000 |
| अन्य प्रमुख मार्ग | 50000 | 35000 |
| **शहीद चूड़ामणी नायक वार्ड** | | |
| अन्य प्रमुख मार्ग | 55000 | 45000 |
| **स्वामी आत्मानंद वार्ड** | | |
| चौबे कालोनी, समता कालोनी, अग्रसेन चौक तक | 60000 | 50000 |
| अन्य प्रमुख मार्ग | 55000 | 40000 |
| **ठाकुर प्यारेलाल वार्ड** | | |
| आमापारा से लाखेनगर चौक तक | 65000 | 25000 |
| लाखेनगर चौक से रायपुरा चौक तक | 50000 | 25000 |
| **पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड** | | |
| अन्य प्रमुख मार्ग | 30000 | 25000 |
| **स्वामी विवेकानंद सरोवर वार्ड** | | |
| सिटी कोतवाली चौक से कालीबाड़ी - सिद्धार्थ चौक | 170000 | 75000 |
| सदरबाजार, गोलबाजार सहित अन्य प्रमुख मार्ग | 70000 | 35000 |
| **डा. राजेंद्रप्रसाद वार्ड** | | |
| नया धमतरी रोड सीमा | 55000 | 25000 |
| **बाबू जगजीवन राम वार्ड** | | |
| पुराना धमतरी रोड सीमा | 30000 | 15000 |
| थोक मार्केट से फुंडहर मार्ग | 25000 | 20000 |
| **श्यामप्रसाद मुखर्जी वार्ड** | | |
| रिंग रोड-1 में भाठागांव चौक, संतोषीनगर मार्ग | 65000 | 25000 |
| काठाडीह, कुशाभाउ ठाकरे मार्ग | 20000 | 15000 |
| **संत रविदास वार्ड** | | |
| खारून नदी पुल से टाटीबंध चौक तक | 25000 | 15000 |
| सरोना चौक से केपीएस स्कूल सहित अन्य प्रमुख मार्ग | 20000 | 15000 |
| **माधव राम सप्रे वार्ड** | | |
| रायपुरा चौक से टाटीबंध मार्ग | 40000 | 20000 |
| रायपुरा से महादेव घाट रोड | 25000 | 15000 |
| **डा. खूबचंद बघेल वार्ड** | | |
| कुशालपुर चौक, चंगोराभाठा बाजार होकर रिंग रोड-1 तक | 25000 | 20000 |
| रायपुरा से तेलीबांधा चौक जाने वाला मार्ग | 40000 | 20000 |
| **भक्त माता वार्ड** | | |
| भाठागांव चौक से हनुमान मंदिर मार्ग | 25000 | 15000 |
| चिंगरी नाला सहित अन्य प्रमुख मार्ग | 20000 | 15000 |
| **वामनराव लाखे वार्ड** | | |
| कुशालपुर चौक से तिरंगा चौक, दंतेश्वरी मंदिर, खोखो पारा स्कूल सहित अन्य प्रमुख मार्ग | 25000 | 20000 |
| **महामाया मंदिर वार्ड** | | |
| भाठापारा चौक से बस स्टैंड, नीलकंठेश्वर मंदिर मार्ग | 35000 | 20000 |
| चांदनी चौक से बूढ़ेश्वर मंदिर रोड | 35000 | 20000 |
| वार्ड अंतर्गत अन्य प्रमुख मार्ग | 25000 | 20000 |
| **डा. विपिन बिहारी सूर वार्ड** | | |
| पुलिस ग्राउंड सिग्नल से चांदनी चौक, शहीद भगत सिंह चौक मार्ग | 35000 | 20000 |
| वार्ड अंतर्गत अन्य प्रमुख मार्ग | 30000 | 20000 |
| **ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड** | | |
| बिजली ऑफिस चौक से कालीबाड़ी, सिद्धार्थ चौक मार्ग | 90000 | 25000 |
| सिद्धार्थ चौक से संतोषीनगर चौक मार्ग | 60000 | 25000 |
| **शहीद राजीव पांडेय वार्ड** | | |
| रिंग रोड 1 में भाठागांव चौक से पचपेड़ी नाका मार्ग | 65000 | 40000 |
| संतोषीनगर चौक से सिद्धार्थ चौक मार्ग | 60000 | 15000 |
| **चंद्रशेखर आजाद वार्ड** | | |
| रिंग रोड-1 सीमा क्षेत्र | 65000 | 25000 |
| वार्ड अंतर्गत अन्य प्रमुख मार्ग | 15000 | 10000 |
| **मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड** | | |
| पुराना धमतरी रोड के समीपस्थ क्षेत्र एवं अन्य प्रमुख मार्ग | 20000 | 15000 |
| नवजीवन सोसायटी, दावड़ा सहित आसपास का मार्ग | — | 25000 |
| **शहीद पंकज विक्रम वार्ड** | | |
| पचपेड़ी नाका से तेलीबांधा मार्ग | 65000 | 50000 |
| रिंग रोड नंबर 1, टैगोर नगर मार्ग | 70000 | 55000 |
| **भगवती चरण शुक्ल वार्ड** | | |
| शैलेंद्रनगर, टैगार नगर, पंजाबी कालोनी, संतकंवरराम चौक मार्ग | 65000 | 50000 |
| राजेंद्रनगर सहित अन्य प्रमुख मार्ग | 60000 | 50000 |
| महिला थाना, बैरनबाजार, पेंशनबाड़ा मार्ग | 65000 | 45000 |
| राजीव गांधी, वीरसावरकर नगर, नलघर चौक, कालीमां मंदिर मार्ग | 65000 | 45000 |
| **ले. अरविंद दिक्षीत वार्ड** | | |
| राजेंद्रनगर, नहर लिंकिंग मार्ग | 55000 | 30000 |
| वार्ड अंतर्गत अन्य प्रमुख मार्ग | 40000 | 30000 |
| **रविंद्रनाथ टैगोर वार्ड** | | |
| नया धमतरी रोड सीमा अंतर्गत मार्ग | 55000 | 25000 |
| पुराना धमतरी रोड सीमा अंतर्गत मार्ग | 30000 | 20000 |
| कलर्स मॉल सहित अन्य स्वीकृत काम्पलेक्स मार्ग | 90000 | 70000 |
| **कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड** | | |
| पुरानी धमतरी रोड अंतर्गत मार्ग | 30000 | 15000 |
| पुराना धमतरी रोड से कांदुल जाने वाला मार्ग | — | 15000 |
| **लालबहादुर शास्त्री वार्ड** | | |
| वीआईपी रोड तिराहा से अग्रसेन धाम मार्ग | 80000 | 30000 |
| वीआईपी रोड से माना एयरपोर्ट मार्ग | 40000 | 30000 |
| अग्रसेन धाम चौक से फुंडहर मार्ग | 40000 | 30000 |
| एक्सप्रेस वे को फुंडहर चौक को मिलाने वाला मार्ग सहित अन्य | 25000 | 20000 |
| **पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड** | | |
| वीआईपी रोड से माना एयरपोर्ट मार्ग | 40000 | 30000 |
| एक्सप्रेस-वे सहित अन्य मार्ग | 45,000 | — |
| **गुरुघासीदास वार्ड** | | |
| तेलीबांधा चौक से भगतसिंह चौक तक मार्ग | 125000 | 35000 |
| पचपेड़ी नाका से तेलीबांधा मार्ग | 65000 | 35000 |
| श्यामनगर तेलीबांधा मार्ग | 50000 | 35000 |
| **मदर टेरेसा वार्ड** | | |
| जल विहार कालोनी मार्ग | 50000 | 45000 |
| गुरूनानक द्वार से शहीद भाई तरूसिंह चौक सहित अन्य मार्ग | 50000 | 35000 |
| **सिविल लाईन वार्ड** | | |
| शास्त्री चौक, घड़ी चौक होकर तेलीबांधा मार्ग | 125000 | 60000 |
| घड़ी चौक से राजभवन मार्ग | 80000 | 75000 |

# दोहरी गणना से जमीन की कीमत ज्यादा, शुरुआती 15 हजार वर्गमीटर का रेट अलग, इसके बाद का अलग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जमीन की नई गाइडलाइन के कारण प्रदेश के ज्यादातर स्थानों में जमीन की कीमत आसमान पर चली गई है। जमीन का सरकारी रेट बाजार से ज्यादा हो गया है। जमीन के दाम इतने ज्यादा होने के बारे में जब हरिभूमि ने पड़ताल की, तो यह बात सामने आ रही है कि इसकी नगरीय क्षेत्रों में दोहरी गणना के कारण दाम ज्यादा हो रहे हैं। अगर किसी को एक एकड़ जमीन खरीदनी है, तो पहले 14 सौ वर्ग मीटर यानी करीब 15 हजार वर्गफीट की जमीन के दाम वर्गफीट के हिसाब से तय होंगे और इसी के हिसाब से स्टांप ड्यूटी और रजिस्ट्री का शुल्क लगेगा, इसके बाद की बची जमीन का रेट हेक्टेयर के हिसाब से लगेगा।

अब तक जमीन की खरीदी में यह था कि हेक्टेयर के हिसाब से तय कीमत के हिसाब से ही एक एकड़ जमीन के दाम तय होते थे और उसी हिसाब से स्टांप ड्यूटी और रजिस्ट्री का शुल्क लगता था, लेकिन नई गाइड लाइन में नियम बदल गया है। अब अगर कोई बिल्डर एक या दो एक एकड़ जमीन लेता है तो उसको प्रारंभ की 15 हजार फीट की जमीन की रजिस्ट्री वर्ग फीट के हिसाब से ही करानी पड़ेगी।

### हर बार रजिस्ट्री में परेशानी

रीयल एस्टेट का काम करने वाले बताते हैं कि चाहे एक एकड़ जमीन हो या फिर दस एकड़ की जमीन हो। पहले के 15 हजार वर्ग फीट की जमीन की गणना तो वर्ग फीट के हिसाब से ही होगी। कोई बिल्डर अगर पांच एकड़ जमीन लेता है और पूरी जमीन के दाम देकर उसकी रजिस्ट्री कराता है तो उसको सिर्फ एक बार ही पहले 15 हजार वर्ग फीट का पैसा वर्ग फीट के हिसाब से लगेगा, लेकिन अगर पांच एकड़ की रजिस्ट्री एक-एक करके पांच बार में करता है तो उसे हर बार 15 हजार वर्ग फीट के दाम वर्ग फीट के हिसाब से लगेगा। बिल्डरों के मुताबिक किसी भी बिल्डर के लिए एक बार में पांच से दस एकड़ जमीन की रजिस्ट्री कराना संभव नहीं होता है। जिस किसान से जमीन लेते हैं, उसको एक एकड़ का पैसा देते हैं तो किसान कहता है कि उसकी रजिस्ट्री करा लेते हैं, ऐसे में रजिस्ट्री करानी पड़ती है। अब अलग-अलग बार में रजिस्ट्री कराना महंगा पड़ेगा।

# नो एंट्री में तेज रफ्तार हाईवा की ठोकर से दोपहिया सवार की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- आक्रोशित लोगों ने घंटों चक्काजाम कर मृतक को मुआवजा देने की मांग की
- ड्यूटी में तैनात सिपाही के निलंबन की मांग पर अड़े रहे

उरला थाना क्षेत्र के नो एंट्री जोन सुभाष चौक में तेज रफ्तार हाईवा की ठोकर लगने से एक दोपहिया सवार व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। दोपहिया सवार की मौत के बाद आक्रोषित लोगों ने तीन घंटे से ज्यादा समय तक चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। चक्का जाम से निपटने घटना स्थल पर भारी पुलिस बल तैनात करना पड़ा। चक्का जाम कर रहे लोग मृतक को मुआवजा देने के साथ ड्यूटी पर तैनात सिपाही के निलंबन की मांग पर अड़े रहे। आक्रोषित लोगों को पुलिस ने किसी तरह शांत कराकर विरोध प्रदर्शन तथा चक्काजाम खत्म कराया। पुलिस के मुताबिक रोड एक्सीडेंट में बेमेतरा निवासी मेघनाथ यादव (55) की मौत हुई है। मेघनाथ अपनी स्कूटी से अपने गांव बोरसी जा रहा था। इस दौरान हाईवा चालक ने लापरवाही पूर्व नो एंट्री में हाईवा घुसाकर तेज रफ्तार वाहन चलाते हुए उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी। हाईवा की ठोकर लगने से मेघनाथ अपनी दोपहिया से छिटकर दूर जाकर गिरा और उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय पार्षद ने मौके पर पहुंचकर लोगों के साथ मिलकर चक्काजाम करने के साथ विरोध प्रदर्शन किया।



## बिजनेस साइट

# सीआईआई छत्तीसगढ़ का दो दिवसीय 'एमएसएमई कॉन्क्लेव 2025' संपन्न

- सबहेडिंग - 450 से अधिक प्रतिभागियों ने दर्ज की सहभागिता




**रायपुर।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) छत्तीसगढ़ द्वारा 19–20 नवंबर को दो दिवसीय एमएसएमई कॉन्क्लेव 2025 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्रदेश सहित आसपास के राज्यों से आए 450 से अधिक प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बनाया। कॉन्क्लेव का उद्देश्य प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की प्रतिस्पर्धात्मकता, उत्पादकता और क्षमताओं को मजबूत करना था। पहले दिन की शुरुआत 5एस प्रशिक्षण सत्र से हुई, जिसमें 200 से अधिक प्रतिभागियों ने कार्यस्थल उत्कृष्टता एवं सुव्यवस्थित कार्य संस्कृति पर महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। दूसरे दिन आयोजित उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने एमएसएमई क्षेत्र के सशक्तिकरण और नवाचार-आधारित विकास पर सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में सीएसआईडीसी के चेयरमैन राजीव अग्रवाल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी एवं उद्योग प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष

### लैंडिंग से ठीक पहले ...

हुआ और समस्याओं का सामना करना पड़ा। दरअसल, जो फ्लाइट दिल्ली से रायपुर आने वाली थी, उसे ही रायपुर से पुनः दिल्ली वापस जाना था। चूंकि यह फ्लाइट दिल्ली से सीधे रायपुर आने के स्थान पर भुवनेश्वर मोड़ दी गई, इसलिए वहां से रायपुर आने में इसे विलंब हुआ। रायपुर में विलंब से पहुंचने के कारण फ्लाइट ने दिल्ली के लिए देर से उड़ान भरी। जिस फ्लाइट को 11.45 के करीब दिल्ली के पहुंचना था, वह दोपहर 3.15 बजे पहुंची।

### 32 टंकियों से आज...

कचना, आमासिवनी, देवपुरी, बोरियाखुर्द, जोरा, भनपुरी, नया पानी टंकी, रायपुरा, कुकुरबेड़ा पानी टंकी के अलावा 80 एमएलडी प्लांट से भरने वाली टंकियां बैरनबाजार नया पानी टंकी, देवेंद्र नगर नया पानी टंकी, संजय नगर, मोतीबाग पानी टंकी से पानी नहीं मिलेगा। इन टंकियों से 22 नवंबर की सुबह जल प्रदाय नियमित रूप से होगा।

### इंग्लिश में औसत ...

प्रदर्शन सुधारने शिक्षकों और प्रधान पाठकों को दिशा-निर्देश दिए गए हैं। गौरतलब है कि पिछले शैक्षणिक सत्र से पांचवी-आठवीं की परीक्षाएं भी बोर्ड कर दी गई हैं। इसके बाद से इन कक्षाओं के परीक्षा परिणामों की मॉनिटरिंग की जा रही है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य जुगल किशोर अग्रवाल एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. सुशील जैन के नेतृत्व में यह निरीक्षण किया गया। उन्होंने इस दौरान तिल्दा विकासखंड के प्राथमिक शाला बंगोली, नवीन प्राथमिक शाला मांठ, प्राथमिक शाला बिठिया, पूर्व माध्यमिक शाला असौंद व मांड के छात्रों से चर्चा कर पढ़ाई की स्थिति जानी। अवलोकन के दौरान प्रधान पाठक सहित समस्त शिक्षक उपस्थित मिले, लेकिन छात्रों का प्रदर्शन अपेक्षाकृत औसत रहा।

### विधि विवि कुलसचिव ...

अपने शैक्षणिक एवं प्रशासनिक नेतृत्व को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ये भर्तियां की जा रही हैं। यह भर्ती प्रक्रिया एचएनएलयू की शैक्षणिक उत्कृष्टता, कुशल प्रशासनिक शासन और छात्र-केंद्रित बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। सभी पदों के लिए आवेदन केवल ऑनलाइन मोड में ही किए जा सकेंगे। विस्तृत अधिसूचना तथा विभिन्न पदों के लिए निर्धारित न्यूनतम योग्यता विवि के आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

**विवि ने बनाई स्टाफ करूणा निधि-** एचएनएलयू ने अपने कर्मचारियों की वित्तीय सहायता के लिए स्टाफ करुणा निधि नीति की शुरुआत की है। विवि प्रबंधन ने इसकी घोषणा करते हुए कहा, यह वित्तीय सहायता तंत्र है, जिसका उद्देश्य अप्रत्याशित वित्तीय कठिनाइयों का सामना कर रहे पात्र कर्मचारियों और आउटसोर्स कर्मचारियों को सहायता प्रदान करना है। स्टाफ करूणा निधि के माध्यम से चिकित्सीय आपात स्थितियों, दुर्घटनाओं, शोक, प्राकृतिक आपदाओं और इसी प्रकार की संकटपूर्ण घटनाओं में समय पर सहायता प्रदान की जाएगी। यह नीति विश्वविद्यालय के ग्रुप डी कर्मचारियों पर लागू होगी, जिनकी मासिक आय एक लाख रूपए से कम है। परिसर में तैनात आउटसोर्स कर्मचारी भी इसके अंतर्गत आएंगे। सहायता केवल पात्र कर्मचारियों के निकटतम आश्रितों तक सीमित होगी। आउटसोर्स कर्मचारियों के परिवार इस दायरे में नहीं आएंगे।

**छात्र भी दे सकेंगे दान -** एचएनएलयू स्टाफ करुणा निधि के आय के स्रोतों में कर्मचारियों का स्वैच्छिक योगदान, पूर्व छात्रों और अन्य दाताओं से प्राप्त दान, प्रॉक्टोरियल बोर्ड द्वारा एकत्रित दंड राशि, ब्याज आय, तथा विश्वविद्यालय के सामान्य कोष से एक करोड़ की एकमुश्त निधि शामिल है। यह मूल निधि यथावत रखी जाएगी और केवल ब्याज व दान की राशि का उपयोग सहायता के लिए किया जाएगा। निधि के संचालन के लिए एचएनएलयू करुणा निधि समिति (एचसीएफसी) का गठन किया गया है, जिसमें कुलसचिव (संयोजक), वित्त अधिकारी (कोषाध्यक्ष), दो संकाय सदस्य और एक कर्मचारी प्रतिनिधि शामिल हैं। निर्णय के लिए न्यूनतम तीन सदस्यों की उपस्थिति आवश्यक होगी।

## खबर संक्षेप



### पाखी ने जीता स्वर्ण पदक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की पाखी भट्ट ने देहरादून में 28वीं अखिल भारतीय वन खेल प्रतियोगिता में लॉन टेनिस की तीन श्रेणियों में तीन स्वर्ण पदक हासिल किये। पाखी भट्ट ने WII को सिंगल्स में 6-0 6-1, मिक्स डबल्स में महाराष्ट्र को 6-0 6-0 और महिला युगल में डब्ल्यूआईआई को 6-0 6-3 से हराकर गोल्ड अपने नाम किया। इसके पहले 27वीं अखिल भारतीय वन खेल प्रतियोगिता में भी पाखी ने 3 गोल्ड अपने नाम किये थे। लगातार दूसरी बार गोल्ड हासिल कर पाखी ने छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है।

### 238 स्थानों पर सड़क बाधा पर जुर्माना

**रायपुर।** निगम मुख्यालय नगर निवेश उडनदस्ता टीम और विभिन्न जोनों की नगर निवेश विभाग टीम ने शहर के मुख्य मार्गो में सुगम आवागमन उपलब्ध करवाने अभियान चलाया। इस दौरान शहर के238 स्थानों पर सडक बाधा शुल्क और सी एंड डी वेस्ट शुल्क के तौर पर 1,72,900 रुपए का जुर्माना वसूला । अभियान के दौरान जोन 1 में 21 लोगो पर 10,500 रुपए, जोन 2 ने 25 लोगो पर 13,500 रुपए, जोन 3 ने 20 लोगो पर 18,500 रुपए जुर्माना वसूला। इसी तरह अन्य जोन में भी संबंधित लोगों को समझाइश दी गई।

### शंकर नगर सड़क डामरीकरण

**रायपुर।** निगम के अधीक्षण अभियंता के मुताबिक शंकर नगर की कुछ आंतरिक सड़कें जो लगातार पानी के प्रभाव में रहने से खराब हुई है उसका डामरीकरण जल्द कराया जाएगा। डामरीकरण एक माह के भीतर करने वर्कआर्डर जल्द जारी होगा। इसके लिए पूर्व में प्रस्ताव बनाकर 15वें वित्त आयोग अंतर्गत विधानसभा वार निविदा कर दी गई है।

### डूंडा में भव्य मड़ई-मेला कल, होगा कई आयोजन

**रायपुर।** राजधानी के कमल विहार स्थित डूंडा गांव में सर्व समाज मड़ई मेला समिति डूंडावासियों द्वारा 22 तारीख को भव्य मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें सुबह 11 बजे ग्राम के मंड़ई देवता का पूजा-अर्चना, दोपहर 11 बजे गांव के आसपास से आए हुए ग्राम प्रमुखों का सम्मान समारोह, दोपहर 2 बजे छत्तीसगढ़िया गाजा-बाजा के साथ गांव में मंड़ई देवता का भ्रमण, शाम 6 बजे गणमान्य नागरिकगणों एवं अतिथियों का सम्मान किया जावेगा, रात्रि 9 बजे राष्ट्रीय गोल्ड मेडल विजेता एच बायस डांस ग्रुप डूंडा की प्रस्तुति होगा एवं रात्रि 10 बजे से छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति पर आधारित छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध लोकमंच कार्यक्रम युगल किशोर साहू कृत कारी बदरिया, मोखा गुरूर, जिला बालोद की रंगारंग प्रस्तुति होगी।

# पंडरी जिला अस्पताल बना देश का पहला इंटिग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

जिला अस्पताल पंडरी रायपुर और जिला अस्पताल बलौदाबाजार की इंटिग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब को भारत सरकार के नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर का गुणवत्ता प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ है। इनमें पंडरी लैब देश की प्रथम, जबकि बलौदाबाजार लैब देश एवं राज्य की द्वितीय प्रमाणित लैब बना है।

दोनो लैब्स का मूल्यांकन भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा नामित विशेषज्ञ मूल्यांकनकर्ताओं की टीमों ने किया। पंडरी लैब का मूल्यांकन 10 सितंबर को जबकि बलौदाबाजार लैब का मूल्यांकन 11 सितंबर को किया गया। टीमों ने लैब की कार्यप्रणाली, मरीज केंद्रित सेवाएं, गुणवत्ता नियंत्रण, समयबद्ध रिपोर्टिंग और सुरक्षा प्रक्रियाओं की गहन समीक्षा की। मूल्यांकन उपरांत, पंडरी लैब को 90% और बलौदाबाजार लैब को 88% स्कोर के साथ प्रमाणन प्राप्त हुआ। यह स्कोर स्वास्थ्य गुणवत्ता के राष्ट्रीय मानकों में उत्कृष्ट श्रेणी में आता है। गौरतलब है कि जनवरी 2024 से नवंबर 2025 के बीच राज्य की कुल 832 स्वास्थ्य संस्थाओं का राष्ट्रीय मानकों के आधार पर मूल्यांकन और प्रमाणीकरण किया गया है। इनमें दंतेवाड़ा के दूरस्थ क्षेत्र चिंतागुफा जैसे दुर्गम इलाकों के स्वास्थ्य केंद्र भी शामिल हैं।



- भारत सरकार के नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस कार्यक्रम के अंतर्गत प्राप्त हुआ गुणवत्ता सर्टिफिकेट
- बलौदाबाजार का इंटिग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब भी सूची में

### प्रतिदिन 3 हजार से अधिक जांच

इंटिग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब के जरिए मरीजों को एक ही छत के नीचे पैथोलॉजी, बायोकैमिस्ट्री और माइक्रोबायोलॉजी से संबंधित सभी प्रकार की जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। स्वास्थ्य विभाग का मानना है, इससे न केवल जांच की गति और विश्वसनीयता बढ़ती है, बल्कि लोगों को महंगी निजी जांच लैब्स पर अनावश्यक निर्भरता से भी राहत मिलती है। एकीकृत मॉडल होने के कारण, मरीजों को एक ही स्थान पर किफायती और सटीक जांच रिपोर्ट उपलब्ध हो पाती है। पंडरी लैब में प्रतिदिन 3,000 से अधिक जांच की जाती हैं और 120 से अधिक प्रकार की जांच सेवाएं उपलब्ध हैं। इसी तरह बलौदाबाजार लैब में प्रतिदिन 1,000 से 1,200 जांच होती है।

### दूसरे राज्य कर चुके हैं निरीक्षण

स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा पूर्व में भी पंडरी लैब के मॉडल की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना की जा चुकी है। देश के 13 से अधिक राज्यों की टीम इस लैब का निरीक्षण कर इसकी कार्यप्रणाली का अवलोकन कर चुकी हैं। स्वास्थ्य सेवा सह संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला ने बताया, लैब को प्रमाणन तभी मिलता है जब कोई संस्थान सभी मानकों पर लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करे। वहीं सीएम विष्णु देव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इसके लिए बधाई देते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़ सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## सड़क यातायात में बाधक दुकान और शेड को सड़क सीमा से किया बाहर

# शास्त्री बाजार और आमापारा के पास 45 अवैध ठेले-गुमटी हटाए

- रोड जाम करने वाली अवैध दुकानों को हटाया
- जोन अध्यक्ष सचिन मेघानी कार्रवाई रुकवाने पहुंचे, स्वास्थ्य अधिकारी के साथ झड़प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम की टीमों ने गुरुवार को शास्त्रीबाजार, आमापारा, राजेंद्र नगर इलाके में सड़क यातायात में बाधक बनी अवैध दुकानों, ठेले और गुमटियों को हटाने की कार्रवाई की। यह कार्रवाई नगर निगम, जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम प्रहरी द्वारा की गई। इस दौरान राजेंद्र नगर क्षेत्र में जोन अध्यक्ष सचिन मेघानी कार्रवाई रुकवाने पहुंचे। इस दौरान नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी के साथ उनकी झड़प हुई। शासकीय कार्य में बाधा डालने के इस मामले में स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने भाजपा पार्षद के खिलाफ शिकायत भी की।

सूत्रों के मुताबिक नगर निगम का अमला अतिक्रमण और गंदगी फैलाने वाली अवैध गुमटी हटाने पहुंचा था। इसी दौरान पार्षद सचिन मेघानी मौके पर पहुंचे और बिना पूर्व सूचना के कार्रवाई करने पर बिफर उठे। आरोप है कि संबंधित पार्षद निगम की टीम से ऊंची आवाज में बात कर रहे थे।

स्वास्थ्य अधिकारी ने उन्हें शांत रहने और तू तड़ाक से बात न करने की बात कही थी। घटनाक्रम का वीडियो वायरल हुआ है। वहीं पार्षदों के समर्थकों ने नगर निगम की टीम पर शिकायतों की बात कहकर आरोप लगाए हैं। घटना के बाद निगम के स्वास्थ्य अधिकारी ने तत्काल निगम आयुक्त विश्वदीप को इसकी सूचना दी कि भाजपा के पार्षद और उनके समर्थक कार्रवाई करने से रोक रहे हैं। इसके बाद न्यू राजेंद्र नगर थाने में शासकीय कार्य में बाधा डालने और दुर्व्यवहार करने की लिखित शिकायत दर्ज करवाई गई है।

### नगर निगम, जिला प्रशासन, पुलिस की संयुक्त टीम प्रहरी उतरी सड़क पर





**शास्त्री बाजार एवरग्रीन मुख्य मार्ग पर चला अभियान, सामान की जब्ती, अवैध शेड हटाए**

*नगर निगम जोन 4 की टीम ने शास्त्री बाजार के एवरग्रीन चौक मुख्य मार्ग पर सुगम आवागमन के लिए अवैध दुकानों को हटाने अभियान चलाया। इस मार्ग पर 20 अवैध ठेलों के कब्जे को हटाया गया। मार्ग किनारे से पसरा लगाकर सड़क पर कब्जा जमाकर रखे गए टेबल सहित अन्य सामान को व्यवस्था सुधारने जब्त किया। 4 से 5 अवैध शेड और 25 अवैध विज्ञापन बोर्ड को मार्ग से हटाकर मुख्य मार्ग को कब्जों से मुक्त किया। नगर निगम की टीम ने सड़क पर कब्जा कर व्यवसाय कर रहे विक्रेताओं से 3 हजार रुपए सड़क बाधा शुल्क वसूला।*

# तालाबों में जलकुंभी, जलीय वनस्पति की सफाई अब मशीन से कराएगा निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



नगर निगम शहर के तालाबों की सफाई अब मेनुअल की जगह मशीन से कराएगा, ताकि कम समय और कम खर्च में तालाबों को जलकुंभी से मुक्त किया जा सके। इस कार्य के लिए ऑनलाइन टेंडर कर 1.50 करोड़ की लागत से नई मशीन खरीदी जाएगी। मशीन का रखरखाव अनुबंध की शर्त अनुसार अनुबंधित एजेंसी को करना होगा। यह पहला मौका होगा जब प्रदेश के सबसे बड़े नगरीय निकाय में तालाबों की सफाई कार्य में मशीन का उपयोग किया जाएगा।

जलकुंभी से पटते शहर के तालाबों को जलकुंभी मुक्त करना और उसकी नियमित सफाई कराना नगर निगम के लिए एक बड़ी चुनौती है। इसके लिए प्रति वर्ष जोन स्तर पर तालाब सफाई मेनुअल तरीके से कराने ठेका दिया जाता है। इसके बाद भी अपेक्षा अनुरूप सफाई नहीं होने से जलकुंभी की समस्या दोबारा देखने को मिलती है। मेनुअल तरीके से तालाबों की सफाई कराने के कार्य में खर्च भी ज्यादा आता है और समय भी ज्यादा लगता है। इतना ही नहीं, जलकुंभी की अधिकता से तालाबों के जल की गुणवत्ता पर भी असर पड़ता है। इसीलिए समय-समय पर तालाबों को जलकुंभी और जलीय वनस्पति से मुक्त रखना आवश्यक है। विशेषज्ञों के मुताबिक पानी की क्वालिटी खराब होने का एक बड़ा कारण जलकुंभी भी है।

- डेढ़ करोड़ में नई मशीन क्रय करने और रखरखाव करने जल्द होगा टेंडर
- पंद्रहवें वित्त आयोग मद में मिली राशि

### पंद्रहवें वित्त आयोग मद में 1.50 करोड़ की स्वीकृति

पंद्रहवें वित्त आयोग के मिलेनियम प्लस सिटी के अंतर्गत रायपुर नगर निगम द्वारा शहर के तालाबों की मशीन से सफाई कराने का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा गया था। महापौर मीनल चौबे की परिषद ने एमआईसी में यह प्रस्ताव लाया और उसे पारित कर शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा। शासन स्तर पर प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। इसमें तालाबों की सफाई के लिए एक्वेटिक बीड हार्वेस्टर मशीन क्रय करने तथा इसके रखरखाव कार्य के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन मद में 1:50 करोड़ रुपए की अनुमति दी गई है।

### ऑनलाइन टेंडर करेंगे

तालाबों की मशीन से सफाई कराने के लिए नई मशीन क्रय करने ऑनलाइन टेंडर किया जाएगा। एजेंसी तय कर मशीन क्रय की जाएगी तथा इसका रखरखाव अनुबंधित एजेंसी द्वारा किया जाएगा।

**- मीनल चौबे, महापौर**
रायपुर नगर निगम

# रात्रिकालीन कूड़ा निस्तारण की निगरानी के लिए विशेष निरीक्षण दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- रात्रि दस बजे के बाद करेंगे निरीक्षण, नाइट स्वीपिंग मशीन की मानिटरिंग और शिकायतों का निराकरण भी
- स्वास्थ्य विभाग ने विशेष निरीक्षण दल किया गठित

नगर निगम का स्वास्थ्य महकमा शहर के व्यावसायिक क्षेत्रों और प्रतिष्ठानों से निकलने वाले रात्रिकालीन गीले और सूखे कचरे के उचित निष्पादन पर नजर रखेगा। इसके साथ ही चिन्हांकित मार्गो पर निगम से अनुबंधित एजेंसी द्वारा रोड स्वीपिंग मशीन से कराई जा रही रात्रिकालीन सफाई की मानिटरिंग भी नियमित रूप से की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर विशेष निरीक्षक दल का गठन किया है। यह दल रात्रिकालीन सफाई कार्य में मिलने वाली शिकातों का निराकरण भी करेगा। राजधानी के अलग-अलग जोन क्षेत्र स्थित व्यावसायिक क्षेत्रों में रात्रिकालीन सफाई की अब नियमित रूप से मानिटरिंग होगी। इस कार्य के लिए प्रभारी जोन स्वास्थ्य अधिकारियों को नोडल अधिकारी और प्रभारी स्वच्छता निरीक्षकों को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नोडल और सहायक नोडल अधिकारी अपने जोन क्षेत्र में रात्रि 10 बजे के बाद रात्रिकालीन दुकानों, ठेले और गुमटियों से निकलने वाले कचरे के उचित निष्पादन करने निर्देश देने के साथ ही इस कार्य का निरीक्षण भी करेंगे। निरीक्षण के दौरान कोताही बरतने वाले दुकानदारों की सूची बनाकर आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है। जिन जोनो में नाईट स्वीपिंग मशीन रात्रिकालीन सफाई के लिए संचालित की जा रही है, उन जोनो में निर्धारित रूटचार्ट के हिसाब से निरीक्षण किया जाएगा।

### अधिकारियों को दिए निर्देशित

*निरीक्षण के दौरान रात्रिकालीन सफाई कार्य में खामियां मिलने पर संबंधित फर्म को नोटिस दिया जा सकता है। प्रतिदिन फील्ड विजिट की जियो टैग फोटो और कार्यवाही की जानकारी नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग को देनी होगी। अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय ने सभी निर्देशों का कड़ाई से पालन करने नोडल और सहायक नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया है।*

# 'रेलवन' एप से बुकिंग से लेकर खाना ऑर्डर की मिलेगी सुविधा



**रायपुर।** रेलवे का नया 'सुपर ऐप' रेलवन अब यात्रियों की सभी जरूरतों का समाधान एक ही प्लेटफॉर्म पर करेगा। डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर, रायपुर और नागपुर मंडलों ने बुकिंग कार्यालयों में विशेष जागरूकता अभियान की शुरुआत की है।

हाल ही में लॉन्च किया गया यह रेलवन ऐप यात्रियों को ट्रेनों से जुड़ी लगभग सभी डिजिटल सेवाएं एक ही जगह उपलब्ध कराता है। चाहे टिकट बुकिंग हो, ट्रेन ट्रैक करना, खाना ऑर्डर करना, शिकायत दर्ज कराना या रिफंड पाना—अब सब कुछ एक क्लिक में संभव है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इस ऐप को "एक ऐप, सब कुछ एक साथ" की सोच पर विकसित किया गया है, जिससे यात्रियों को तेज, स्मार्ट और आसान अनुभव मिल सके। एप की खास बात है कि रेलवन में पिछले यूटीएस या रेलकनेक्ट खाते का उपयोग करके लॉग इन किया जा सकता है। एमपिन या बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण का उपयोग करके लेनदेन जल्दी और सुरक्षित रूप से किए जा सकते हैं। इसके अलावा, आर-वॉलेट का उपयोग करके पूरी तरह से कैशलेस लेनदेन भी संभव है। इस पहल के माध्यम से, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, डिजिटल कनेक्टिविटी और यात्री सुविधा के संदर्भ में भारतीय रेलवे के दृष्टिकोण को और मजबूत कर रहा है।

# चक्रधरनगर में चलेगा नॉन इंटरकनेक्टिविटी का कार्य 4 मेमू 11 दिन के लिए रद्द



**रायपुर।** अधोसंरचना विकास के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में विभिन्न परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच 206 किलोमीटर चौथी रेल लाइन का निर्माण कार्य अब तक 150 किलोमीटर से अधिक का हो चुका है। इसके अंतर्गत बिलासपुर-झारसुगुड़ा सेक्शन के चक्रधरनगर ब्लॉक केबिन को चौथी लाइन से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। चौथी रेललाइन में जोड़ने का यहा कार्य 21 नवम्बर से 11 दिसंबर तक (विभिन्न तिथियो में) किया जाएगा, जिसके कारण कुछ ट्रेनों को रद्द किया गया है। इसमें 23 नवंबर से 3 दिसम्बर तक रायगढ़ से रवाना होने वाली गाडी संख्या 68737 रायगढ़-बिलासपुर मेमू रद्द रहेगी। इसके साथ ही 68738 बिलासपुर-रायगढ़ व 68735 रायगढ़-बिलासपुर भी इसी तारीख में मेमू रद्द रहेगी। 22 नवम्बर से 2 दिसम्बर तक बिलासपुर से चलने वाली 68736 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू रद्द रहेगी। दिनांक 23 नवम्बर से 3 दिसंबर तक गोंदिया एवं झारसुगुड़ा से चलने वाली 68861/68862 गोंदिया–झारसुगुड़ा- गोंदिया पैसेंजर बिलासपुर एवं झारसुगुड़ा के बीच रद्द रहेगी।

# नाबालिग बेटी के साथ रेप, आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- चार वर्ष पूर्व सरस्वती नगर थाना क्षेत्र की घटना
- कोर्ट की टिप्पणी- भक्षक बनकर पिता-पुत्री के रिश्ते को कलंकित किया

चार वर्ष पूर्व अपनी 12 साल की नाबालिग बेटी के साथ रेप करने के आरोपी पिता को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी सरस्वती नगर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। बच्ची ने अपने पड़ोसियों को घटना की जानकारी दी, तो पड़ोसियों ने इसकी शिकायत महिला एवं बाल विकास के अधिकारियों को दी। इसके बाद बच्ची को बालिका गृह में रख कर काउंसिलिग की गई। काउंसिलिंग के बाद बालिका गृह अधीक्षिका ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक विनय प्रधान की स्पेशल कोर्ट में हुई।

विशेष लोक अभियोजक विमला तांडी के अनुसार जिस व्यक्ति को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, उस व्यक्ति ने अपनी पत्नी की मौत के बाद अपनी नाबालिग बेटी के साथ कई बार रेप किया। पिता की गंदी हरकतों से परेशान बच्ची घर से बाहर रहने लगी। रात को घर जाने से घबराने लगी। इस पर पड़ोसियों ने बच्ची से पूछताछ की, तो उसने अपने पिता की हरकतों के बारे में पड़ोसियों को जानकारी दी।

### उदारता बरते जाने योग्य नहीं

कोर्ट ने आरोपी को फैसला सुनाते हुए कहा कि भक्षक बनकर पिता-पुत्री जैसे मानवीय रिश्तों को कलंकित किया है, जिससे उसका कृत्य किसी भी तरह से उदारता बरते जाने योग्य नहीं है। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। बच्ची अपने अन्य पांच छोटे-भाई बहनों के साथ पिता के साथ रहती थी।

## सप्ताह में दुर्ग-अजमेर ट्रेन का परिचालन बढ़ाने उठी मांग, प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** आगामी उर्स-ए-पाक के दौरान दुर्ग-अजमेर रेल मार्ग पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ व सीमित सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए शहर सीरत-उन-नबी कमेटी, रायपुर ने रेलवे प्रशासन से विशेष इंतजाम करने का अनुरोध किया है। कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद सोहैल सेठी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने रायपुर रेल मंडल के अधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उर्स-ए-पाक के साथ-साथ पुष्कर मेला, खाटू श्याम मंदिर, अजमेर शरीफ और ख्वाजा गरीब नवाज़ दरगाह जैसे धार्मिक स्थलों पर जाने वाले सभी समुदायों हिंदू, मुस्लिम एवं अन्य के यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण मांगें रखी गईं।

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें


9827555678, 8224868411

# जालसाज ने एटीएम बदल पीओएस ट्रांजेक्शन कर उड़ाए एक लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आमानाका थाना में एक बुजुर्ग ने अज्ञात के खिलाफ एटीएम बदलकर एक लाख नौ हजार रुपए पाइंट ऑफ सेल ट्रांजेक्शन (पीओएस) कर ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बुजुर्ग के साथ ठगी की घटना 13 नवंबर को हुई। बुजुर्ग की शिकायत पर पुलिस एटीएम बूथ में सीसीटीवी कैमरे की पड़ताल कर आरोपी की पहचान कर कार्रवाई करने की बात कह रही है।

टाटीबंध, हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी राजा राम वोहरा ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। राजा राम ने पुलिस को बताया है कि वह घटना दिनांक को सुबह साढ़े 11 बजे अपने घर के पास नजदीकी एटीएम में पांच हजार रुपए निकालने गया था। उस दौरान एक अन्य युवक पहले से एटीएम में मौजूद था। राजा राम को देखने के बाद वह एटीएम से बाहर निकल गया। राजा राम के पैसे निकालने के बाद जालसाज ने उसे बातों में उलझाकर एटीएम की अदला-बदली कर एटीएम पासवर्ड की जानकारी हासिल कर ठगी की।



- बुजुर्ग को बातों में उलझाकर एटीएम बदला और पिन नंबर पूछ उड़ाए रुपए
- आमानाका थाने की पुलिस ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

### मोबाइल में मैसेज आने पर मिली जानकारी

*एटीएम से एक लाख नौ हजार रुपए आहरण होने का मैसेज राजा राम के बेटे के मोबाइल में आया। इसके बाद राजा राम के बेटे ने बैंक जाकर बैंक डिटेल निकाली, तो पता चला राजा राम के एटीएम से रुपए आहरण होने के साथ कार्ड से अलग-अलग जगह खरीदी कर भुगतान किया गया है।*

# पंजाब की तर्ज पर 300 यूनिट बिजली फ्री करने की मांग

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष उत्तम जायसवाल ने प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार से पंजाब की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में 300 यूनिट बिजली फ्री करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 200 यूनिट तक हाफ बिल जनता को गुमराह करने का षड़यंत्र हैं। सरकार ने 200 यूनिट तक हाफ बिल किया है यह निर्णय जनता को राहत देने के नाम पर धोखा है। पूर्व की कांग्रेस सरकार ने जनता को 400 यूनिट पर हाफ बिजली बिल की सौगात दी, पर भाजपा सरकार ने इसे कम कर पहले 100 यूनिट कर दिया, फिर बाद में 200 यूनिट तक बिजली बिल को हाफ कर दिया है। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा आम जनता को 300 यूनिट तक बिजली बिल फ्री है, इसी तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी आम जनता को बढ़ते बिजली बिल से राहत दिलाने उचित कदम उठाया जाए।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 21 नवंबर 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



04



साड़ी हो या सूट हर किसी के साथ ...


## लाइव इवेंट

### वायुसेना में 340 पदों पर भर्ती के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू



**रायपुर।** भारतीय वायुसेना की ओर से एयर फोर्स कॉमन एडमिशन टेस्ट के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 17 नवंबर से शुरू हो गई है। जो उम्मीदवार भारतीय वायुसेना में सरकारी नौकरी करने का सपना देख रहे हैं, वे AFCAT 2026 परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इस भर्ती प्रक्रिया के जरिये 340 उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। इसके साथ ही इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट afcat.edcil.co.in पर जाकर 14 दिसंबर, 2025 तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। जो उम्मीदवार फ्लाइंग ब्रांच के लिए आवेदन करना चाहते हैं, उनकी न्यूनतम आयु 20 वर्ष और अधिकतम 24 वर्ष होनी चाहिए। इसके अलावा, जो उम्मीदवार ग्राउंड ड्यूटी (टेक्निकल/नॉन टेक्निकल) के लिए आवेदन करना चाहते हैं, उनकी न्यूनतम आयु 20 वर्ष और अधिकतम आयु 26 वर्ष निर्धारित की गई है।

#### आवेदन करने के लिए जरूरी योग्यता

आवेदन करने के लिए जरूरी है कि उम्मीदवारों ने कक्षा बारहवीं न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ गणित और भौतिक विषय से उत्तीर्ण किया हो। इसके अलावा, उम्मीदवारों ने बीई या बीटेक 60 प्रतिशत अंकों के साथ पूरा किया हो। चयन होने के बाद प्रशिक्षण के दौरान चयनित उम्मीदवार को 56,100 रुपए स्टाइपेंड के तौर पर प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा, प्रशिक्षण की अवधि समाप्त होने के बाद उम्मीदवारों को 56,100 रुपए से लेकर 1,77,500 रुपए प्रदान किए जाएंगे। एयर फोर्स कॉमन एडमिशन टेस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन माध्यम में स्वीकार किए जाएंगे। ऐसे में उम्मीदवारों की सहूलियत के लिए यहां कुछ आसान स्टेप्स बताए गए है, जिन्हें फॉलो करके उम्मीदवार ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

### स्कूलों में शीतकालीन छुट्टियां घोषित होने के साथ ही एनसीसी, स्काउट एंड गाइड, एनएसएस कैंप की शुरुआत

# स्टूडेंट्स सीख रहे बाधाओं को लांघने के हुनर आर्मी डिफेंस, स्पोर्ट्स और सोशल एक्टिविटीज

*स्कूलों में शीतकालीन छुट्टियां घोषित होने के साथ ही एनसीसी, स्काउंट एंड गाइड कैंप की शुरुआत हो चुकी है। शहर के अधिकतर स्कूलों के विद्यार्थी अपने प्रभारी शिक्षकों के साथ एनसीसी, स्काउट्स एंड गाइड्स वार्षिक परीक्षण कैंप के लिए रवाना भी हो गए हैं। इनमें दानी गर्ल्स स्कूल, जेएन पांडे स्कूल के स्टूडेंट्स शामिल हैं।*





रायपुर। दानी गर्ल्स के प्राचार्य हितेश दीवान ने बताया कि शीतकालीन मौसम में हर साल की तरह इस साल भी स्कूल के एनसीसी व स्काउट एंड गाइड्स में भाग लेने वाली छात्राएं निर्धारित शेड्यूल के मुताबिक नेशनल, राज्य व जिला स्तरीय वार्षिक परीक्षण कैंप में हिस्सा ले रही हैं। उन्होंने बताया कि उनके स्कूल में स्काउट और गाइड, जूनियर एनसीसी (राष्ट्रीय कैडेट कोर), एनएसएस यानी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों में लगभग 200 छात्राएं गाइड्स व कैडेट्स के रूप रुचि लिए हैं। स्कूल में स्काउट और गाइड, जूनियर एनसीसी (राष्ट्रीय कैडेट कोर), एनएसएस की गतिविधियों के संचालन के लिए अलग-अलग शिक्षकों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। स्काउट और गाइड, जूनियर एनसीसी (राष्ट्रीय कैडेट कोर), एक गैर-राजनीतिक, गैर-सांप्रदायिक और स्वैच्छिक संगठन है, जिसका उद्देश्य युवाओं के चरित्र, आत्मनिर्भरता और नेतृत्व कौशल को विकसित करना है। यह शारीरिक, बौद्धिक और सामाजिक विकास पर ध्यान केंद्रित करता है, जो कैम्पिंग, लंबी पैदल यात्रा और सामुदायिक सेवा जैसी गतिविधियों के माध्यम से पूरा होता है। वहीं एनएसएस यानी राष्ट्रीय सेवा योजना है, जो भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा संचालित एक कार्यक्रम है।

इस योजना के तहत, छात्र विभिन्न सरकारी सामुदायिक सेवा गतिविधियों और कार्यक्रमों में भाग लेते हैं, जो कक्षा 8 से 10 तक छात्र-छात्राएं भाग लेते हैं। यह उन्हें अनुशासन, नेतृत्व और देशभक्ति जैसे गुण सिखाता है। इसमें शामिल होने के लिए, छात्रों को अपने स्कूल के प्रधानाध्यापक के माध्यम से आवेदन करना होता है और शारीरिक रूप से स्वस्थ होना आवश्यक है। इसके तहत स्कूलों में फायर कैंप की शुरुआत हो चुकी है।

#### 22 नवंबर से कैंप में 32 गाइड्स होंगी शामिल

दानी गर्ल्स स्कूल की स्काउट एंड गाइड्स प्रभारी शिक्षिका स्मृति छाया ठाकुर ने बताया कि अभनपुर विकासखंड के झांकी नामक स्थान पर 22 से 28 नवंबर से 7 दिवसीय स्काउंट एंड गाइड्स कैंप का आयोजन किया गया है। इसमें स्कूल से 32 छात्राएं गाइड्स के रूप में भाग लेंगी। कैंप में बच्चों को अनुशासन, सेवा, साहस का सोपान प्रैक्टिकली तौर पर विविध गतिविधियों में कराया जाएगा। वहीं स्कूल की एनसीसी प्रभारी शिक्षिका साधना गुप्ता ने बताया कि इस सोमवार से माना में एनसीसी फायरिंग कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 8 वी व 9वीं के करीब 100 जूनियर-सीनियर आर्मी विंग एनसीसी कैडेट्स भाग लेंगे। स्कूल की एक एनसीसी कैडेट्स छात्रा इशिका धीवर एनसीसी नेशनल कैंप में भाग लेने राजस्थान हल्दीघाटी कैंप में भाग लेने इसी सप्ताह जा रही हैं। इसी तरह स्काउट एंड गाइड्स और एनसीसी के माध्यम से छात्राओं को सक्षम, साहासिक, सेवाभावी, अनुशासित बनाया जा रहा है।



#### 10 दिवसीय एनसीसी वार्षिक परीक्षण में पहुंचे लाखोली कैंप

जेएन पांडे स्कूल के एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर शिक्षक प्रमोद पांडेय ने बताया कि जिले के आरंग के ग्राम लाखोली एनसीसी कैंप संख्या-434 में 10 दिवसीय एनसीसी वार्षिक परीक्षण कैंप आयोजित किया गया है। इस कैंप में हमारे स्कूल के 9वीं व 10वीं कक्षा के 36 एनसीसी कैंडेट्स को लेकर पहुंचे हैं, जहां प्रदेश के अलग-अलग जिले के स्कूलों से कुल 434 जूनियर-सीनियर एनसीसी कैडेट्स कैंप में भाग ले रहे हैं। इस कैंप में 10 दिनों तक एनसीसी के तहत विविध गतिविधियों में फायरिंग, आगजनी से निपटने के तरीके, आर्मी डिफेंस, हथियार चलाना, बाधाओं को पार करना, स्पोर्ट, कल्चरल एंड सोशल एक्टिविटी में रक्तदान, स्वच्छता, वृक्षारोपण, थ्यॉरी क्लासेस, पीटी, एनसीसी-डे सेलिब्रेशन जैसे गतिविधियां के दौरान साहस, अनुशासन, सेवा की सीख दी जाएगी।

#### श्रेष्ठ और जिम्मेदार नागरिक के गुणों का विकास

जेएन पांडे स्कूल की प्राचार्या सूचिता पांडे ने बताया कि स्कूलों में स्काउट एंड गाइड्स, एनसीसी जैसे सेवा इकाईयों में विद्यार्थी की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। इसके लिए शिक्षकों को प्रभारी नियुक्त किया गया है। स्काउट एंड गाइड्स, एनसीसी कैंप के समय-समय पर होने वाले आयोजनों में विद्यार्थी भाग लेकर छात्र जीवनकाल से ही अनुशासन, सेवा, साहस, रक्षा जैसे गुणों का विकास स्वयं में कर पा रहे हैं। स्कूलों में संचालित ये सेवा इकाईयां विद्यार्थियों को श्रेष्ठ और जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में अहम भूमिका निभा रही हैं।

## सिटी इवेंट

### विद्यार्थियों ने समझीं पत्रकारिता शिक्षा, टीवी स्टूडियो और रेडियो प्रसारण की बारीकियां



**रायपुर।** कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में ब्रह्मविद द ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। गुरुवार को छात्रों ने विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों, टीवी, रेडियो स्टूडियो देखा। इस दौरान छात्रों ने पत्रकारिता शिक्षा व मीडिया प्रसारण के संबंध में जाना। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेंद्र मोहंती ने छात्रों को संबोधित करते हुए पत्रकारिता एवं जनसंचार की शिक्षा के क्षेत्र में संभावनाओं पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि इस शिक्षा के मूल में रचनात्मकता का सार निहित है, जिसके बिना यह अध्ययन अधूरा रहता है। भ्रमण कार्यक्रम में छात्रों के लिए प्रश्नोत्तरी सत्र भी रखा गया, जिसमें छात्रों ने महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे, जैसे मीडिया क्षेत्र में सफलता का प्रतिशत क्या होता है, छात्रों के जीवन में पत्रकारिता का महत्व क्या है तथा रचनात्मकता, बुद्धिमत्ता या व्यवहार में से कौन अधिक महत्वपूर्ण है। इन सभी प्रश्नों के सारगरभित जवाब डॉ. मोहंती ने दिए। स्कूली बच्चे शैक्षणिक भ्रमण के दौरान जिज्ञासा से भरे व उत्साहित दिखे। वहीं पत्रकारिता व जनसंचार के छात्रों ने भी अपने मीडिया शिक्षा से जुड़े अनुभव साझा किए। इसके बाद शिक्षक डॉ. नीलेश साहू ने छात्रों को सामुदायिक लाइव रेडियो स्टेशन की विभिन्न प्रणालियों से अवगत कराया।

#### ये रहे उपस्थित

छात्रों ने पैनल कंट्रोल रूम, लाइटिंग, ऑडियो मिक्सर, टेलीप्रॉम्प्टर, ट्राईकास्टर, विजुअल सेटअप, एडिटिंग रूम जैसे तकनीकी उपकरणों का भी प्रायोगिक ज्ञान प्राप्त किया। उन्होंने यह भी समझा कि लाइव एंकरिंग का अंतिम आउटपुट कैसे तैयार होता है और फ्रेम चयन ट्राईकास्टर द्वारा किस प्रक्रिया से किया जाता है। छात्रों ने विश्वविद्यालय के पुस्तकालय का भी भ्रमण किया। कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय की ओर से संयोजक चंद्रशेखर शिवारे द्वारा किया गया। स्कूल से शिक्षक अभिषेक चौबे, श्वेता शर्मा, ऐश्वर्या श्रीवास्तव और षणमुखप्रिया उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय से दीपक साहू, ज्योति साहू तथा जनसंचार विभाग के बीएएमसी प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया।

### छत्तीसगढ़ कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार 27 नवंबर से, प्रबुद्धजन रखेंगे विचार

रायपुर। शासकीय जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत "भारत में लोकतंत्र के 75वें वर्ष की यात्रा और भारतीय ज्ञान प्रणाली पर बहु-विषयी दृष्टिकोण" विषय पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन 27 से 29 नवंबर तक किया जा रहा है। यह आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष के साथ-साथ देश के अमृत महोत्सव को समर्पित है। सेमिनार का उद्देश्य छत्तीसगढ़ और भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों और प्राचीन भारतीय ज्ञान प्रणाली को वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत करना है। इस अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में मलेशिया, बैंकॉक, श्रीलंका, तुर्की, जिम्बॉब्वे सहित विभिन्न देशों से ख्याति प्राप्त रिसोर्सपर्सन अपने विचार रखेंगे। देश-विदेश से सैकड़ों शोधार्थी, प्राध्यापक और विशेषज्ञ भी शामिल होंगे।

**पैनल चर्चा में विशेषज्ञों की उपस्थिति :** सेमिनार में तकनीकी सत्र, प्लेनरी सत्र, पेपर प्रस्तुति और पैनल चर्चा होने जा रही है, जहां विभिन्न देशों से विद्यार्थी और शोधकर्ता उपस्थित होंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. तपेश चंद्र गुप्ता ने कहा, यह आयोजन न केवल छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष पूरे होने का उत्सव है, बल्कि भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों और प्राचीन भारतीय ज्ञान प्रणाली को वैश्विक पटल पर प्रस्तुत करने का महत्वपूर्ण मंच भी है। आयोजन में हिस्सा लेने वाले छात्र, महाविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध सेमिनार ब्रोशर से जानकारी प्राप्त कर आवेदन कर सकते हैं।

### शालोम-संगम नृत्य स्पर्धा में प्रतिभागियों ने मचाई धूम






**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल द्वारा गुरुवार को रेलवे इंस्टीट्यूट, इंजीनियरिंग कॉलोनी में अंतर मंडलीय रेलवे सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 'शालोम-संगम' नामक इस कार्यक्रम का उद्देश्य रेलवे कर्मचारियों एवं उनके परिजनों की सांस्कृतिक प्रतिभा को मंच प्रदान करना और उन्हें प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि और निर्णायक मंडली के स्वागत से हुई।

प्रतियोगिता में एकल शास्त्रीय नृत्य श्रेणी में मुख्यालय, नागपुर, रायपुर, बिलासपुर और डब्ल्यूआरएस की 11 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जबकि समूह लोकनृत्य वर्ग में कुल 7 टीमों के 110 कलाकारों ने अपनी कलात्मक प्रस्तुति दी।

निर्णायक के रूप में आरती सिंह (रायपुर), पूनम साहू (भिलाई) और दीपेश होस्केरे (रायपुर) शामिल थे, जिन्होंने प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया।

#### टीम अब बिलासपुर जोन का प्रतिनिधित्व करेंगी

पुरस्कार वितरण समारोह में विजेताओं को स्मृति चिन्ह तथा सभी कलाकारों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। एकल शास्त्रीय नृत्य में मुख्यालय की सूमी अजय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि समूह लोकनृत्य में रायपुर मंडल के केसरी बाग एवं टीम ने पहला स्थान हासिल किया। दोनों विजेता टीमें राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली रेलवे की सांस्कृतिक प्रतियोगिता में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर जोन का प्रतिनिधित्व करेंगी।

### रोलबोल यूथ कॉन्क्लेव में होगा पैनल डिस्कशन, वक्ता साझा करेंगे अनुभव



**रायपुर।** रोलबोल कम्युनिटी द्वारा इस साल भी रोलबोल यूथ कॉन्क्लेव-2025 का आयोजन 23 नवंबर को किया जाएगा। इससे पहले ही जेल रोड स्थित मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में होने वाले इस आयोजन की तैयारी को अंतिम रूप दिया गया है। दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक होने वाले कॉन्क्लेव के लिए सजाए जाने वाले मंच पर रोब्लॉक्स क्रिएटर्स अवार्ड भी प्रदान किए जाएंगे। इसमें देश और प्रदेश के वक्ता शामिल होने के साथ ही अपने-अपने फिल्ड से जुड़े अनुभव साझा करेंगे। इसके लिए इस बार अनुभव दुबे (चाय सुट्टा बार), तुषार अमरीश गोयल (द ताज स्टोरी), अमर सिरोही (टॉप डिजिटल क्रिएटर), दिनेश मोहन (मॉडल-अभिनेता) और पद्मश्री अनुज शर्मा को आमंत्रित किया गया है। गुरुवार को प्रेस क्लब में प्रेस कॉन्फ्रेंस में रोलबोल कम्युनिटी के संस्थापक दर्शन सांखला और सह-संस्थापक वीरेन नागवंशी ने यह जानकारी दी।

#### संस्था नई वेबसाइट और मोबाइल एप करेगी लॉन्च

उन्होंने बताया कि पैनल डिस्कशन में शहर और देश के प्रतिष्ठित उद्यमी, डॉक्टर और सामाजिक सरोकार से जुड़े व्यक्तित्व को जानने का अवसर मिलेगा। रोलबोल युवाओं को कॅरियर, माइंडसेट, नेटवर्किंग और प्रेरणा के लिए एक मजबूत मंच प्रदान करता है। इस बार भी रोलबोल अपनी नई वेबसाइट और मोबाइल एप लॉन्च करेगी। साथ ही रायपुर के दूसरे चैप्टर और 5 नए शहरों में विस्तार के लिए घोषणा करेगी। इस बीच छत्तीसगढ़ फिल्म इंडस्ट्री के सुपरस्टार और विधायक कला एवं समाजसेवा से जुड़े प्रबुद्धजन अपने अनुभव साझा करेंगे। पैनल डिस्कशन के लिए प्रतिष्ठित वक्ताओं में बिल्डर, युवा उद्यमी, समाजसेवी, व्यवसायी और कैंसर सर्जन भी चर्चा में शामिल होंगे।

### किड्स लर्निंग टॉय, पिक्चर्स-बुक्स से भी करा रहे गतिविधियां

कार्नर न्यूज

# प्ले स्कूल से पहले पैरेंट्स बच्चों को खेल-खेल में घर पर ही सिखा रहे चीजों की पहचान करना, नाम बताना और गुड मैनर्स

रायपुर। पैरेंट्स प्ले स्कूल, आंगनबाड़ी भेजने से पहले बच्चों की प्री-लर्निंग घर पर ही शुरू करा रहे हैं। 3 वर्ष से कम के बच्चों को खेल-खेल में मम्मी-पापा, दादा, दादी, नाना-नानी व घर के अन्य सदस्यों को पहचानना और नाम बोलना सिखाया जा रहा है। वहीं गुड मैनर्स भी डाले जा रहे हैं, ताकि बच्चे जब घर बाहर प्ले स्कूल या आंगनबाड़ी जाएं तो वे दूसरे बच्चों के साथ-साथ टीचर्स को पहचान सकें और अपना परिचय भी बता सकें। प्ले स्कूल में होने वाली गतिविधियों को घर आकर पैरेंट्स को बता भी सकें। संतोषी नगर निवासी पैरेंट्स विनय शर्मा बताते हैं कि उनका बच्चा अभी ढाई साल का है, ऐसे में उन्हें आने वाले वर्ष में प्ले स्कूल में डालने की योजना है। इससे पहले घर के सभी सदस्य मिलकर समय-समय पर बच्चे को खेल-खेल के माध्यम से सदस्यों की पहचान, नाम बोलना, अक्षर व एनिमल्स, फ्रूट्स, वेजिटेबल्स आदि की पहचान करा रहे हैं। वहीं भाठागांव प्राथमिक शाला की बालवाड़ी शिक्षिका सरिता सोनकर कहती हैं कि 3 वर्ष के कम उम्र के बच्चे जब प्ले स्कूल या आंगनबाड़ी में दूसरे बच्चों के साथ बैठना और बोलना सीखते हैं। ऐसे में छोटे बच्चे के दाखिला से पहले उन्हें कुछ चीजें सिखा देनी चाहिए। हाइजीन से जुड़ी चीजें सिखाएं, उन्हें यह भी बताएं कि उन्हें टॉयलेट आती है तो अपने टीचर को बताना है। अक्षर और उनसे जुड़े चित्रों की पहचान कराएं, साथ ही किसी दूसरे द्वारा दी गई चीज का सेवन न करने की बात समझाएं। इन छोटी-छोटी चीजें को बच्चों को जरूर सीखना चाहिए। बच्चे को अपना नाम और अपने पैरेंट्स का नाम पता होना चाहिए।





#### प्ले स्कूल, आंगनबाड़ी में 3 से 6 वर्ष के बच्चों के दाखिला का नियम

प्ले स्कूल, आंगनबाड़ी में 3 से 6 वर्ष के बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा दी जाती है, जिससे उनके शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास को बढ़ावा मिले और वे स्कूल शिक्षा के लिए तैयार हो सकें। यहां बच्चों को बुनियादी कौशल सिखाने, अच्छी आदतें विकसित करने और आसपास के वातावरण को समझने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। यहां नियम व योजना के तहत चयनित लर्निंग सिलेबस, खिलौने जैसी आधुनिक सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। इन संस्थाओं के भवन, बरामदा, खेल का मैदान और शौचालय जैसी न्यूनतम बुनियादी संरचनात्मक आवश्यकताओं को पूरा करना होता है।

#### आदर करना सिखाएं

बच्चे जब से बोलना शुरू करते हैं तो वो हर नई चीज को सीखते और समझते हैं। ऐसे में उनकी हर हरकत प्यारी लगती है और बोली सुनने में अच्छी, लेकिन बच्चे को अगर सही और गलत का फर्क सिखाएं। छोटे बच्चे को सिखाएं कि वह अपने से बड़ों का आदर करना कितना जरूरी है। अगर बच्चा कुछ गलत कहता है तो आपको उन्हें तुरंत खेल-खेल में समझाना चाहिए। कई पैरेंट्स हंसकर बच्चों की बातों को टाल देते हैं। हालांकि ऐसा नहीं करना चाहिए। थैंक्यू और सॉरी जैसी चीजें पैरेंट्स को अपने बच्चों को सिखा देनी चाहिए। प्ले स्कूल भेजने से पहले बच्चे को ये चीजें आ जानी चाहिए।

#### प्ले स्कूल नियमों को पूरा कर लेगा

प्ले स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता का कहना है कि प्ले स्कूल संचालन को लेकर आदेशित सभी जरूरी तय मानकों को आसानी से पूरा कर लिया जाएगा। प्ले स्कूलों की मानक वही हैं, जिसे पहले से ही फालो किया जा रहा है। इसके पालन में प्ले स्कूल प्रबंधन को कोई कठनाई नहीं होगी। फिर भी जरूरत पड़ी तो इसमें संशोधन के लिए स्कूल शिक्षा विभाग को भेजा जाएगा।

## धर्म लाइव

# आत्मज्ञान ही सच्चा ज्ञान, इससे ही जीवन में आता है परिवर्तन



**रायपुर।** शिमला से अंतर्राष्ट्रीय वैदिक प्रवक्ता व इंटरनेशनल सोसायटी फॉर ट्रूथ के संस्थापक स्वामी ओंकारानंद सरस्वती ब्रह्माकुमारी संस्थान के चौबे कालोनी स्थित सेवा केंद्र में गुरुवार को पहुंचे। उन्होंने रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी और रश्मि दीदी से आध्यात्मिक चर्चा की और सुबह के सत्संग में भी शामिल हुए। ब्रह्माकुमारी सौम्या दीदी ने आत्मस्मृति का तिलक लगाकर और गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर स्वामी ओंकारानंद सरस्वती ने कहा कि आत्मज्ञान ही सच्चा ज्ञान है। जीवन में परिवर्तन आत्मज्ञान से आता है। ज्ञान दो प्रकार के होते हैं, अपराविद्या और पराविद्या। वेद और शास्त्रों का ज्ञान अपराविद्या है तथा शास्त्रों से निचोडक़र जो ज्ञान मिलता है, उसे पराविद्या कहते हैं। उन्होंने कहा कि दूसरों की बुराई करने से पहले यह देखना चाहिए कि तुम्हारे में अच्छाई क्या है? जो व्यक्ति अच्छा होता है, वही आनंद में और शांतिमय रह सकता है। साधु का स्वभाव होता है कि वह सारतत्व को ग्रहण करे, चाहे वह कहीं से भी मिले। उसका जीवन सबके लिए है। सभी के लिए उसके मन में प्यार होना चाहिए।

### भारत ज्ञान की भूमि

उन्होंने बताया कि भारत ज्ञान की भूमि है। यहीं से सारे विश्व में ज्ञान फैला है। देश-विदेश में चाहे जहां कहीं भी वह हों, किंतु सतगुरुवार को वे ब्रह्माकुमारी आश्रम जाकर सत्संग में हिस्सा जरूर लेते हैं। उनका कई जगहों पर इस संस्थान में जाना होता है। यहां जो शिक्षा दी जाती है, उससे जीवन की गुत्थियां सुलझती हैं। ब्रह्माकुमारी बहनें ज्ञान और योग से भारत को भरपूर बनाने का कार्य कर रही हैं, इसीलिए सरकार भी इस संस्थान से जुड़कर कार्य करना चाहती है। देश-विदेश में सब जगह ब्रह्माकुमारी बहनें वहां के लोगों में आध्यात्मिक जागृति लाने का सराहनीय कार्य कर रही हैं।

## सिटी लाइव

# सिख प्रीमियर लीग का 5 दिसंबर से आगाज, पोस्टर विमोचित



रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती उत्सव वर्ष में 17वें सिख प्रीमियर लीग का आयोजन इस बार 5 से 14 दिसंबर तक किया जाएगा। है। इसके लिए प्रारंभिक तैयारियां शुरू हो गई हैं। आयोजकों ने इस बार इसे और ज्यादा भव्य रूप देने का निर्णय लिया है। राष्ट्रीय स्तर पर इस प्रतिष्ठित लीग का पोस्टर छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के डायरेक्टर बलदेव सिंह भाटिया द्वारा जारी किया गया। उन्होने आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं देते हुए बताया कि टूर्नामेंट में विभिन्न राज्यों की टीमें भाग ले रही हैं। नौ टीमों की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 3 टीमें अभी भी अपने जोनल मुकाबलों में स्थान सुरक्षित करने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। आयोजकों ने बताया कि क्वालीफाइंग मैच अवंतीपोरा, जम्मू-पुंछ, अमृतसर, लुधियाना, दिल्ली, बिजनौर और नांदेड़ में आयोजित किए गए हैं।

### सकारात्मक प्रतिस्पर्धा के लिए प्रोत्साहन और अवसर

पोस्टर विमोचन के अवसर पर हरविंदर सिंह खनूजा, त्रिलोचन सिंह काले, इंदरजीत सिंह, सरबजीत सिंह चंडोक, प्रीतपाल सिंह बग्गा, गुरमीत सिंह ने यह जानकारी दी। सिख प्रीमियर लीग सिर्फ क्रिकेट प्रतियोगिता नहीं, बल्कि सिख मूल्यों एवं सेवा, एकता, भाईचारे और अनुशासन का जीवंत प्रदर्शन करता है। यह मंच विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों को एकजुट करता है, जहां न केवल खेल कौशल निखरता है, बल्कि 'सरबत दा भला' की भावना भी दिलों को जोड़ती है। इस लीग का उद्देश्य खेल के प्रति समाज के युवाओं में उत्साह को बढ़ावा देना और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा के लिए नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है।

## समाज इवेंट

# सोहागा मंदिर में नवनिर्मित धर्मशाला में मिलेंगी बेहतर सुविधाएं, आज लोकार्पण



**रायपुर।** ब्राह्मणपारा स्थित श्री राधाकृष्ण स्वामी मुरली मनोहर सोहागा मंदिर (पुनिया बाई) धर्मशाला में नवनिर्मित भवन का लोकार्पण समारोह शुक्रवार को शाम 6 बजे किया जाएगा। विधि-विधान से दंडी स्वामी डॉ. इंदुभवानंद तीर्थ महाराज की गरिमामयी उपस्थिति एवं पूर्व राज्यपाल रमेश बैस के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम होगा, इसकी अध्यक्षता सांसद बृजमोहन अग्रवाल करेंगे। यह जानकारी देते हुए मंदिर ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के दानदाताओं के सहयोग और तत्कालीन विधायक बृजमोहन अग्रवाल द्वारा विधायक निधि से निर्मित सर्व सुविधायुक्त धर्मशाला की सुविधा अब पहले से बेहतर मिलेगी। इसके पहले धर्मशाला में कई तरह से व्यवस्थागत दिक्कतें होती थी।

### शामिल होंगे अतिथि और समाजजन

भवन लोकार्पण के अवसर पर सभी दानदाताओं के साथ ही छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के लोग इस खास अवसर के साक्षी बनेंगे। यह लोकार्पण समारोह रायपुर दक्षिण के विधायक सुनील सोनी, पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे और महापौर मीनल चौबे के विशिष्ट आतिथ्य में होगा। इस अवसर पर सुविधा का लाभ लोग किस तरह से ले सकेंगे, इसकी जानकारी समाजजनों को दी जाएगी। धर्मशाला भवन का अब नवनिर्माण होने के साथ ही इसकी सुविधाओं में भी इजाफा किया गया है, ताकि लोगों को जरूरत के समय बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

● छॉलीवुड में भी तकनीकी टीम से निर्माता बनवा रहे कोर्ट, जेल और शादी के लिए सीन

# सिनेमाघरों तक दर्शकों को खींचने छत्तीसगढ़ी फिल्मों का तैयार हो रहा स्टोरी बेस्ड भव्य सेट

*छालीवुड फिल्मों में भी कोर्ट, जेल और शादी जैसा माहौल देने के लिए ही नहीं, बल्कि तीजन कृत बायोपिक का सेट भी तैयार किया गया था। इसके लिए थर्मोकोल, पीवीसी पाइप, पेंट और ब्रश का उपयोग करके सेट बनाने का फन बॉलीवुड से सीखने के बाद अब वे छालीवुड में इसका इस्तेमाल करके फिल्मी सेट तैयार करने लगे हैं। सेट डिजाइनर्स की मदद से क्रिएटिव टीम इसे स्टोरी बेस्ड बनाने के साथ ही किसी भी लोकेशन को क्वालिटी देने लगे हैं। इसके लिए ज्यादा खर्च भी नहीं करना पड़ता और शूटिंग के लिए दौड़-भाग से कलाकारों को राहत मिलती है।*



**रायपुर।** बॉलीवुड की तर्ज पर अब छत्तीसगढ़ी फिल्म निर्माण से जुड़े लोग भी उच्च तकनीक वाले कैमरों के साथ ही खर्च और समय बचाने के लिए किसी खास लोकेशन का सेट बनवाने लगे हैं। सेट निर्माण को लेकर पुनीत सोनकर ने बताया कि जय शीतला मैय्या फिल्म बनाते समय माता देवालय का पूरा सेट चेरिया बंजारी नवा रायपुर में बनवाया गया था। टू-डी और थ्री-डी डिजाइन में साढ़े सात फीट ऊंची मूर्ति के साथ ही कलाकारों का सेट निर्माण का काम सेट डिजाइनर राधे यादव की 50 युवाओं की क्रिएटिव टीम ने किया।इसमें माता देवालय का एहसास देने के लिए प्राकृतिक माहौल भी थीम बेस्ट सेट का हिस्सा थी। इसे सेट डिजाइनर ने 10 दिनों में तैयार किया था। इसके बाद यहां-वहां शूटिंग के लिए दौड़-भाग करने से फिल्म निर्माण टीम को भी राहत मिलने लगी है। पहले हर लोकेशन तक आने-जाने का खर्च भी बढ़ जाता था।

### तीजन कृत बायोपिक के लिए किया काम

छालीवुड फिल्मों के लिए सेट डिजाइन करने वाले इंद्रमन वर्मा ने बताया कि अब काम लेने से पहले फिल्म निर्माण से जुड़े लोगों से स्क्रिप्ट सुनने के बाद तय किया जाता है कि इसके लिए कितने सेट तैयार करने होंगे। तीजन कृत बायोपिक का सेट सबसे पहले बनाने का अवसर मिला। इसे देखते हुए तीजन बाई के बचपन से लेकर पद्मश्री प्राप्त करने के सफर को दिखाने के लिए सोरम गांव में ही सेट तैयार किया। इस तरह का प्रयोग फिल्म निर्माण की क्वालिटी को रूपहले पर्दे पर बेहतर करने के लिए किया जाने लगा है। इस चलन की वजह से प्रयोग का दौर भी शुरू हुआ है। कहानी के अनुरूप माहौल को कुछेक जगह पर क्रिएट करने से समय भी बचने लगा है।



### दो से तीन दिन में बना देते हैं स्क्रिप्ट का सेट

गांव-शहर ही नहीं, कहानी के अनुरूप शादी, सगाई और फाइटिंग सीन के लिए भी सेट बनवाने का चलन अब बढ़ने लगा है। इससे शूटिंग के लिए उपयोग किए जाने वाले कैमरे को भी अलग-अलग रंगों और आर्ट की मदद से बेहतर किया जाता है। हूबहू तैयार किए गए सेट पर शूटिंग करने से पिक्चर क्वालिटी भी बेहतर होती है। आकर्षक सेट बनवाने के बाद अलग से किसी तरह के प्रयोग करने की गुंजाइश भी नहीं रहती है। कई छत्तीसगढ़ी फिल्मों के लिए गाना शूट करने के लिए झरने और नदियों का स्वरूप सेट बनाकर दिया जाने लगा है। इसमें काम के अनुरूप ही खर्च आता है। सेट डिजाइनर श्री वर्मा ने बताया कि लोग सामान खुद मंगाकर आर्टिस्ट को देते हैं।

### नकली तलवार और गन भी सेट का हिस्सा



सेट डिजाइनर्स ने बताया कि अब नकली तलवार और गन भी अब सेट निर्माण का हिस्सा बन गया है। जिस डिजाइनर्स को काम दिया जाता है, उसमें स्टोरी की डिमांड के अनुरूप जरूरी सेट बनाने के लिए स्क्रिप्ट सुनने के बाद क्रिएटिव वर्क किया जाता है। इसके लिए अब छालीवुड में तीन ही सेट डिजाइनर्स की टीम काम करती है। प्रत्येक सेट डिजाइनर्स के साथ दो से तीन सब डिजाइनर्स काम करते हैं। शूटिंग शुरू होने से पहले कहानी सुनने के बाद लोकेशन देखने जाते हैं। एक फिल्म के लिए सुपेला के खाली मैदान में जेल और रिसाली के सेक्टर-10 में स्थित एक भवन को कोर्ट का स्वरूप देने का काम सिर्फ तीन दिन में पूरा करके दिया, यानी समय बचता है।

# इंजीनियरिंग, पॉलीटेक्निक और फार्मेसी के खिलाड़ियों ने वेट-पॉवर लिफ्टिंग स्पर्धा में दिखाया दमखम

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य तकनीकी शिक्षा विभाग अंतर्गत छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय सीएसवीटीयू के तत्वावधान में आयोजित एकीकृत राज्यस्तरीय पावरलिफ्टिंग और वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में सभी खिलड़ियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन बखूबी किया। विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के विश्वेश्वरैया भवन में आयोजित इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश के इंजीनियरिंग, पॉलीटेक्निक और फार्मेसी महाविद्यालयों से सैकड़ों प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान फौलादी प्लेटों के टकराने से गूंजती आवाज़ और जमीन तक महसूस होने वाला कंपन ऐसा एहसास करा रहा था मानो पूरा परिसर खिलाड़ियों के अदम्य साहस और ताकत की थाप पर थिरक रहा हो। कार्यक्रम का शुरुआत मुख्य अतिथि सिविल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मनीष सिन्हा, बायोटेक्नोलॉजी विभाग प्राध्यापक डॉ. आर.जी. ब्रजेश, पावरलिफ्टिंग संघ संयुक्त सचिव नश्कर टंडन और विश्वविद्यालय खेल निदेशक किशोर कुमार भारद्वाज सहित शेषनारायण साहू द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ की गई।



### इन्हें मिला स्वर्ण और रजत पदक

विभिन्न वजन कैटेगिरी में विजेताओं वेटलिफ्टिंग पियुष बोरकर, मनीष देवांगन, पियुष मालनी, विनय कुमार साहू, सात्विक ठाकुर, के रवि को स्वर्ण पदक और माहिर, हर्ष यादव, देव देशमुख, प्रतीक कुमार राठौर को रजत पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं विभिन्न वजन कैटेगिरी में पावरलिफ्टिंग विजेताओं में महिला वर्ग पुष्पांजली साहू, डी. कुमारी, आस्था अरविन्द को स्वर्ण पदक, पुरूष वर्ग लोकेश जांगड़े, मनीष देवांगन, प्रतीक कुमार राठौर, देव देशमुख, हर्ष देवांगन, विपुल कुमार साहू को स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। वहीं दिवाकर साहू, प्रियांशु पांडेय, कुंदन साहू, लोकेश चौहान, एच. चैतन्य, के रवि, आशिफ हुसैन, दीपांशु पटेल, प्रवीण चक्रधारी, मयंक देवांगन, सिन्टू हजारिका, नितिन सिंह राठौर को रजत पदक से सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता के आधार पर अखिल भारतीय और पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं के लिए महिला और पुरुष वर्ग में खिलाड़ियों का चयन किया गया।

### स्पर्धा का संचालन कर बढ़ाया मनोबल

स्पर्धा के आयोजन में वरिष्ठ कोच नश्कर टंडन, कृष्णा साहू, अंपायर आशिफ अली खान, प्रिंस पियुष टंडन, रंजीत तांडी, मयंक सोनी, पावरलिफ्टिंग और वेटलिफ्टिंग संघ के अमान शुक्ला, जयदीप साहू , मोहम्मद सरफराज, कुलदीप वर्मा, शुभम तिवारी, उपेन्द्र कंवर द्वारा सभी आयोजन क्रमबद्ध कराने में सहयोग दिया गया।

# 17 दिसंबर को बच्चों के लिए विविध प्रतियोगिताएं, विजेता होंगे पुरस्कृत



**रायपुर।** गुरु घासीदास कॉलोनी स्थित उद्यान में दो दिवसीय 17 और 18 दिसंबर को गुरु बाबा घासीदास जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम कॉलोनी के महिलाओं और बच्चों द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर गुरुवार को समाज की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित लोगों ने बताया कि 17 दिसंबर को महिलाओं एवं बच्चों द्वारा आयोजित रंगारंग कार्यक्रम के विजेता को पुरस्कार वितरण किया जाएगा। मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय एवं अध्यक्षता महापौर मीनल चौबे को आमंत्रित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। 18 दिसंबर को सार्वजानिक गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन एवं आदमकद जैतखाम में पालो चढ़ाया जाएगा। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से संस्था के उपाध्यक्ष शकुंतला डेहरे, विनला कोशले, स्वाति कोशले, कलश कुर्रे, हेमलता बंजारे, बिमला बंजारे, चित्ररेखा बंजारे, रीना खुंटे एचं कालोनीवासी महिलाए विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

**महिलाओं एवं बच्चों द्वारा आयोजित रंगारंग कार्यक्रम के विजेता को पुरस्कार वितरण किया जाएगा**

मंदिरों में श्रीराम-जानकी विवाह उत्सव की शुरुआत, महिलाओं ने पीसी कच्ची हल्दी

# एक तेल चढ़गे हो आठो अंग दुलरू...पारंपरिक लोकगीत के साथ तेल-हरदी उत्सव मनाया

**कार्नर न्यूज**

*रायपुर। श्रीराम-जानकी विवाह उत्सव का शुभारंभ मंदिरों में तेल-हल्दी रस्म के साथ शुरू हो गया है। ऐसे में गोपीदास मंदिर और जैतूसाव मठ में गुरुवार से इस रस्म की शुरुआत की गई। इस अवसर पर शहर की महिलाएं आपस में विवाह गीत गुनगुनाती दिखीं, साथ ही महिलाओं द्वारा ही हल्दी रस्म निभाई गई। इस पवित्र मौके पर महिलाओं ने कच्ची हल्दी को पीसकर, खास चंदन और गुलाब जल के साथ भगवान के लिए लेप तैयार किया। ऐसे में उपस्थित श्रद्धालुओं ने हाथों के स्पर्श के बाद भी प्रतिमाओं पर हल्दी-तेल लगाया।*





### हरियर मड़वा मा होवथे बिहाव... लोकगीत से गूंजा मठ परिसर

एक तेल चढ़गे हो आठो अंग दुलरू हो आठो अंग दुलरू, हरियर मड़वा मा होवथे बिहाव...छत्तीसगढ़ी लोकगीत विवाह पर्व पर तेल-हरदी रस्म के दौरान महिलाओं द्वारा गाया जाता है। यह अद्भुत दृश्य गुरुवार को जैतूसाव मठ में भी देखने को मिला, जहां पारंपरिक लोकगीत के साथ महिलाएं अनोखे अंदाज में आनंद लेती नजर आईं। यहां भगवान श्रीराम और माता सीता पर कच्ची हल्दी का लेप लगाया गया। विवाह रस्म के अनुसार पांच बार तेल-हल्दी चढ़ाने की रस्म धूमधाम से पूरी की गई। यह निरंतर विवाह से पहले पांच दिनों तक की जाएगी।

### भगवान की प्रतिमाओं पर हल्दी का लेप

गोपी दास मंदिर में खास मिथिला और अयोध्यावासियों की तर्ज पर विवाह रस्म निभाई जा रहा है। इस खास मौके पर वर-वधु पक्ष के सदस्य आपस में मिलकर विवाह की तेल-हल्दी रस्म पारंपरिक रूप से निभा रहे। सुबह 12 बजे मंदिर परिसर में महिलाओं द्वारा पीतल थरिया में हल्दी चमके, मइया के अंचरा महं रखली...जैसे विवाह लोकगीत सुनने को मिला। जहां भगवान श्रीराम और माता सीता के चल विग्रह पर हल्दी का लेप लगाया गया, साथ ही महिलाएं मिथिला और अयोध्या के खास विवाह गीत गुनगुनाती दिखीं। यह रस्म रोजाना दोपहर 12-2 बजे तक मंदिर परिसर में निभाई जाएगी, पहले ही दिन मंदिर परिसर में सौ से अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आई।

### पुरुष भी महिलाओं के परिधान में हुए शामिल

इस खास अवसर पर पुरुष भी महिलाओं के परिधान धारण कर शामिल हुए, जो विवाह के रस्म में झूमते-गाते नजर आए। खास परिधान के साथ उन्होंने तेल-हल्दी विवाह गीत गुनगुनाया। जैतूसाव मठ में शनिवार से जोरन सामग्री बननी शुरू हो जाएगी, ऐसे में अभी से ही तैयारी शुरू हो गई है। छत्तीसगढ़ी रस्म के अनुसार विवाह के दौरान बेटी को मां की ओर से जोरन दिया जाता है, इसमें खास मिष्ठान व पारंपरिक पकवान शामिल होते हैं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## रैपर ट्रैविस स्कॉट के साथ जमकर झूमे फैंस, परफॉर्मेंस से बढ़ा पारा

अपनी धुन पर पूरी दुनिया को झूमने पर मजबूर करने वाले मशहूर रैपर ट्रैविस स्कॉट इन दिनों भारत में हैं। दिल्ली में उनके कार्यक्रम को अच्छा रिस्पॉन्स



मिला। इसके बाद मुंबई में उनका कॉन्सर्ट हुआ। इस कॉन्सर्ट में बड़ी संख्या में उनके फैंस पहुंचे और उनके साथ झूमते-गाते नजर आए। इस कॉन्सर्ट के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में देखा जा सकता है कि ट्रैविस स्कॉट जब स्टेज पर परफॉर्म करने जा रहे हैं तो रास्ते में वह फैंस से मिलते हैं। वह उनसे हाथ मिलाते हैं और उन्हें ऑटोग्राफ देते हैं। एक दूसरे वीडियो में देखा जा सकता है कि ट्रैविस स्कॉट गाना गा रहे हैं साथ में डांस कर रहे हैं। उन्होंने वेस्टर्न आउटफिट पहना है और चश्मा लगाया है। रैपर के साथ उनके फैंस भी झूम रहे हैं। ट्रैविस स्कॉट के कॉन्सर्ट से एक दूसरा वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें कुछ कर्मचारी फैंस पर मशीन से पानी छिड़क रहे हैं। दावा है कि ज्यादा लोगों के जमा हो जाने से वातावरण का तापमान गर्म हो गया। गर्मी कम करने के लिए लोगों पर पानी का छिड़काव किया गया। ट्रैविस स्कॉट का लाइव कॉन्सर्ट 19 नवंबर को मुंबई के महालक्ष्मी रेसकोर्स में आयोजित हुआ। रैपर ने अपनी धुनों से समां बांध दिया। ट्रैविस का मुंबई में यह पहला लाइव कार्यक्रम हुआ। फैंस इसे लेकर पहले से काफी उत्साहित थे। आपको बता दें कि ट्रैविस स्कॉट का वर्ल्ड टूर 2025 में एशिया अफ्रीका और खाड़ी देशों में पहुंचा है। उनका वर्ल्ड टूर 2023 से शुरू हुआ था और उत्तरी अमेरिका, लैटिन अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया में धूम मचा चुका है।

### टॉलीवुड

## धनुष के मैनेजर पर लगे कास्टिंग काउच के आरोपों पर अभिनेत्री ने दी सफाई

तमिल फिल्म इंडस्ट्री इन दिनों एक बड़े विवाद में उलझ गई है, जहां सुपरस्टार धनुष के मैनेजर बताए जाने वाले शख्स श्रेयस पर कास्टिंग काउच के गंभीर आरोपों ने हलचल मचा दी है। यह मुद्दा तब और गरमाया जब आरोप लगाने वाली अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर नया बयान जारी कर अपनी सफाई



दी और कई अफवाहों को गलत ठहराया। विवाद की शुरुआत तब हुई थी जब एक्ट्रेस ने दावा किया कि उन्हें एक व्यक्ति ने कॉल कर खुद को धनुष की टीम का हिस्सा बताया और उन्हें नए प्रोजेक्ट का ऑफर दिया। आरोप यह था कि काम दिलाने के बहाने उस व्यक्ति ने अभिनेत्री पर दबाव डालने की कोशिश की और एडजस्ट करने जैसी गलत बात कही। इससे अभिनेत्री मानसिक तनाव में आ गईं, जिसके बाद उन्होंने यह मामला सोशल प्लेटफॉर्म पर उठाया। इस आरोप ने खूब सुर्खियां बटोरीं और सोशल मीडिया पर यह बात फैल गई कि धनुष के मैनेजर श्रेयस पर सीधे तौर पर उंगली उठाई गई है। हालांकि अब अभिनेत्री ने खुद सामने आकर कई अफवाहों का खंडन किया है। उन्होंने बताया कि उनका बयान गलत तरीके से पेश किया गया और कई चैनलों ने इसे धनुष पर आरोप' जैसा बनाकर प्रसारित किया, जबकि उन्होंने कभी भी ऐसा दावा नहीं किया था। एक्ट्रेस के अनुसार, जिसने उन्हें कॉल किया था वह सिर्फ यह कह रहा था कि वह "धनुष की ओर से बात कर रहा है", लेकिन उसने यह बिल्कुल नहीं कहा कि वह वास्तव में धनुष की आधिकारिक टीम का हिस्सा है। अभिनेत्री ने यह भी बताया कि ऐसे लोग फिल्म इंडस्ट्री में अक्सर फर्जी पहचान बनाकर कलाकारों को निशाना बनाते हैं।एक्ट्रेस ने आगे कहा कि कॉल करने वाले ने खुद को 'श्रेयस' बताया था और फिल्मों में रोल दिलाने की बात कही थी।

### भोजपुरी

## पवन सिंह का गाना 'ले जाएंगे तेरे सजना' रिलीज, पसंद आ रहा जबरदस्त म्यूजिक

भोजपुरी सिंगर पवन सिंह का नया गाना 'ले जाएंगे सजना' यूट्यूब और इंस्टाग्राम पर रिलीज किया गया है। गाना रिलीज होते ही दर्शकों ने इस पर प्यार बरसाना शुरू



कर दिया है। पवन सिंह ने मशहूर सिंगर पलक मुच्छल के साथ मिलकर यह गाना गाया है। दर्शकों को यह जोड़ी खूब पसंद आ रही है। गाने में बेहतरीन म्यूजिक और जबरदस्त डांस है।

'ले जाएंगे तेरे सजना' गाने को शब्बीर अहमद ने लिखा है। उन्होंने ही इसका म्यूजिक दिया है। गाने को पवन सिंह और पलक मुच्छल ने आवाज दी है। गाने में देखा जा सकता है कि पवन सिंह स्टाइलिश अंदाज में नजर आ रहे हैं। फैंस इसे बार-बार देख रहे हैं और इस पर रिएक्शन भी दे रहे हैं।

यूट्यूब पर टी-सीरीज ने 'ले जाएंगे तेरे सजना' गाना रिलीज किया है। वीडियो पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा 'पूरा बॉलीवुड एक तरफ और पवन सिंह एक तरफ।' एक दूसरे यूजर ने लिखा है 'आ गया अपना पावर स्टार बॉलीवुड हिलाने।' एक और यूजर ने लिखा है 'पावर स्टार पवन सिंह भोजपुरी इंडस्ट्री का सुपरस्टार है।' इसके अलावा कई यूजर्स गाने की तारीफ कर रहे हैं। पवन सिंह पहले भी पलक मुच्छल के साथ काम कर चुके हैं। 2020 में दोनों ने छठ गाना 'जोड़े-जोड़े फलवा' गाया था। दर्शकों ने इस गाने को भी खूब पसंद किया था। पवन सिंह के ज्यादातर गानों को दर्शक पसंद करते हैं।

### भारतीयता की झलक




ड्रीम्ज़ प्रोडक्शन हाउस ने दुबई ब्यूटी स्कूल के साथ मिलकर पिछले दिनों नोएडा भारत डिज़ाइनर शो 2025 रखा था। नोएडा फिल्म सिटी में एक्ट्रेस और मॉडल ज़ोया अफ़रोज़ शो स्टॉपर के तौर पर रनवे पर छाईं। इस शो में अलग-अलग तरह के डिज़ाइनर और लेबल के कलेक्शन दिखाए गए, जिसमें स्ट्रीटवियर ब्रांड वुल्फ लंदन और मेरठ की डिज़ाइनर कृति सिंघल शामिल थीं।

## ब्लैक के अलावा काजल के ये शेड्स जरूरी होने चाहिए

इसके लिए वे मेकअप के कई प्रोडक्ट्स खरीद लेती हैं और उन्हें ट्राई भी करती हैं।लेकिन कई महिलाओं को मेकअप की ज्यादा जानकारी नहीं होती है। इसी कारण वे आज भी कई महिलाएं केवल काजल लगाना पसंद करती हैं।इसलिए आज हम आपको दिखाएंगे काजल लगाने के कुछ ऐसे डिजाइन जिन्हें देख कर आप भी अपने आई मेकअप के साथ एक्सपेरिमेंट्स करना सीख जाएंगी।

### डबल कलर का काजल

इस तरह का काजल देखने में बेहद कूल दिखाई देता है। साथ ही इस तरह का काजल का डिजाइन आप वेस्टर्न ड्रेस के साथ कैरी कर सकती हैं। इस तरह का डिजाइन आप किसी भी पार्टी या फंक्शन के लिए ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए आप किन्हीं दो कलर के आई शैडो का इस्तेमाल कर सकती हैं।

### ब्रोड ब्लैक काजल

वैसे तो ये एक बेसिक काजल कलर है। लेकिन जिस तरह से ब्रॉड कर इसे कैरी किया गया है, वे देखने में बेहद क्लासिक दिखाई दे रहा है। कोशिश करें कि इस तरह के काजल लुक के साथ आप सिल्वर ज्वेलरी स्टाइल करें। साथ ही लिप्स को न्यूड रखें। न्यूड कलर के लिए बेज कलर का इस्तेमाल करें। इस तरह का काजल आप किसी भीट्रेडिशनल ड्रेसके साथ कैरी कर सकती हैं।

### कैट आई काजल

इस तरह का काजल देखने में बेहद ट्रेंडी दिखाई देता है। इस तरह का




काजल आप वेस्टर्न से लेकर ट्रेडिशनल तक किसी भी तरह की ड्रेस के साथ कैरी कर सकती हैं। साथ ही लिप्स के लिए आपन्यूड कलरका ही इस्तेमाल करें। इस तरीके के काजल के लिए आप ग्रीन, ब्लू या रेड कलर का इस्तेमाल भी कर सकती हैं। इस तरह के काजल को लगाने के लिए आप किसी भी पतले ब्रश का इस्तेमाल करें। साथ ही काजल लगाने के लिए आप हल्के हाथों का इस्तेमाल करें।

## साड़ी लुक को स्टाइलिश ब्नायेंगी ब्लाउज की ये खास बैक डिजाइंस



स्टाइलिश लुक पाने के लिए साड़ी के पैटर्न से मैच करता हुआ ब्लाउज ही आपको पहनना चाहिए। इसके कई डिजाइंस आपको रेडीमेड भी मार्केट में मिल जाएंगे। साड़ी पहनना हम सभी पसंद करते हैं। इसमें आपको कई सारे डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे। साड़ी को स्टाइलिश बनाने के लिए सही तरीके के ब्लाउज को साथ में स्टाइल किया जाना बेहद जरूरी होता है। आजकल की बात करें तो डीप नेक और बैकलेस ब्लाउज को सबसे ज्यादा पसंद किया जाने लगा है। बैकलेस में आपको कई तरह के फैंसी डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे। तो आइए देखते हैं साड़ी को मॉडर्न और स्टाइलिश लुक देने के लिए बैकलेस ब्लाउज के कुछ खास डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे इन साड़ी लुक्स में जान डालने के आसान टिप्स-



### डोरी डिजाइन ब्लाउज

डोरी डिजाइन के ब्लाउज आप आजकल मार्केट में आपको रेडीमेड में भी देखने को मिल जाएंगे। इस तरह के डोरी वाले ब्लाउज में स्टाइलिश लुक के लिए आप सिंपल गोल गला भी बनवा सकती हैं। नेकलाइन को फैंसी लुक देने के लिए आप पाइपिंग लेस भी लगवा सकती हैं। डोरी में आप हैवी और फैंसी डिजाइन की लटकन को भी ब्लाउज में लगवा सकती हैं। डोरी में आप बो डिजाइन भी बना सकती हैं।

### लटकन बैकलेस ब्लाउज डिजाइन

किसी शादी या पार्टी में जा रही हैं तो अक्सर हम हैवी वर्क वाली फैंसी साड़ियों को पहनना पसंद करते हैं। इसमें आपको मिरर वर्क से लेकर सीक्वेन डिजाइन में रेडीमेड ब्लाउज देखने को मिल जाएंगे। इसके लिए आप चाहें तो हैवी लटकन वाले ब्लाउज को पहन सकती हैं। इसके लिए आपको डोरी लगवाने की जरूरत नहीं है। आप इसके लिए कोई पुरानी ज्वेलरी को भी स्टाइल कर सकती हैं।

### डीप वी-नेक ब्लाउज डिजाइन

बैकलेस में अगर आप कोई शेप में गले के डिजाइन को बनवाना चाहती हैं तो इस तरह से वी-शेप में नेक लाइन बनवा सकती हैं। देखने में इस तरह की नेक डिजाइन बेहद फैंसी लुक देने का काम करती हैं। चाहें तो इसमें आप डबल डोरी भी लगवा सकते हैं। डोरी को स्टाइलिश बनाने के लिए आप 2 अलग-अलग तरह की लटकन भी लगवा सकती हैं।

## साड़ी हो या सूट हर किसी के साथ अच्छी लगेंगी ये फैंसी हील्स

जब भी कोई आउटफिट स्टाइल करते हैं, तो अच्छे फुटवियर जरूर पहनते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे लुक भी अच्छा लगता है। साथ ही, ट्रेंडी डिजाइन ट्राई करने को मिलता है।

### स्टोन वर्क हील्स करें स्टाइल

आप सूट या साड़ी के साथ स्टोन वर्क वाली हील्स को वियर कर सकती हैं। इस तरह की हील्स में आगे की तरफ वर्क मिलता है। पीछे सिंपल स्टेप आती है। हील्स भी आपको ब्लॉक मिलती है। इससे आपको इसे पहनने में कम्फर्टेबल फील होता है। इसे आप साड़ी और सूट दोनों के साथ वियर कर सकती हैं। मार्केट में ये आपको 500 से 800 रुपये में मिल जाती है।

### हैवी वर्क वाली हील्स

अगर आप किसी शादी पार्टी के लिए हील्स को स्टाइल करना चाहती हैं, तो इस तरह के डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको आगे पंजों के पास वाले डिजाइन में एम्ब्राइडरी वर्क मिलेगा। इसके साथ नीचे हील्स पर भी गोटा और स्टोन वर्क मिलेगा। इस तरह की हील्स भी सूट और



साड़ी दोनों के साथ अच्छी लगती हैं। मार्केट में आसानी से मिल भी जाती है। जिसे आप वियर करके लुक को कंप्लीट कर सकती हैं। इसे आप 500 से 1,000 रुपये में खरीद सकती हैं।

### शिमर वर्क हील्स करें स्टाइल

आप कुछ अलग ट्राई करने के लिए सूट और साड़ी के साथ शिमर वर्क हील्स को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की हील्स में साइड एरिया में वर्क मिलता है। इसका बेस एक ही कलर में आता है। इससे आपकी हील्स और भी अच्छी लगती है। साथ ही, पहनने के बाद पैरों की सुंदरता को दोगुना कर देती है।

## स्किन को मॉइस्चराइज करने चेहरे पर इस्तेमाल करें घरेलू चीजें, जानें फायदे

सर्दियों में स्किन का ध्यान रखना ज्यादा जरूरी होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे तेज धूप और बदलते टेंप्रेचर का असर सबसे ज्यादा त्वचा पर दिखाई देता है।

स्किन मॉइश्चराइज करने का तरीका

इसके लिए आपको सबसे पहले एक कटोरी लेनी है। अब इसमें दूध डालना है। फिर इसमें ग्लिसरीन को मिक्स करना है। इसके बाद इसमें शहद को डालें और फ्रेश एलोवेरा मिक्स करें। अब कॉटन पैड लें और इसे चेहरे पर लगाएं। इससे आपको सर्कुलर मोशन में चेहरे पर लगाना है। फिर अपने चेहरे को साफ कर लेना है। इसे लगाने से आपकी स्किन हाइड्रेट रहेगी। साथ ही, मॉइश्चराइज नजर आएगी।

### घरेलू चीजों के इस्तेमाल करने के फायदे

शहद स्किन के लिए अच्छा होता है। इससे त्वचा हाइड्रेट रहती है। साथ ही, ग्लोइंग नजर आती है। इसमें हाइड्रेशन गुण ज्यादा होते हैं। इसलिए ज्यादातर चीजों में इसका इस्तेमाल किया जाता है।

कच्चा दूध चेहरे के शांत रखता है। अगर किसी तरह की रेडनेस या फिर एलर्जी है, तो एक्सपर्ट की सलाह



लेकर दूध का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे त्वचा हेल्दी रहेगी। साथ ही, ग्लोइंग भी नजर आएगी।

ग्लिसरीन सूजन को शांत करने में मदद करता है और इसका उपयोग आप संसेटिव त्वचा पर किया जा सकता है। इसे आप रोजाना भी अपने चेहरे पर लगा सकती हैं।

टीवी एक्ट्रेस के बताए गए इन तरीकों को ट्राई करें। इससे स्किन हाइड्रेट रहेगी। साथ ही, मॉइश्चराइज नजर आएगी। लेकिन अगर आपको स्किन से जुड़ी कोई प्रॉब्लम है, तो एक्सपर्ट सलाह जरूर लें। इससे आपकी स्किन हेल्दी रहेगी। चेहरे पर किसी भी चीज को लगाने से पहले पैच टेस्ट करें। साथ ही, एक्सपर्ट सलाह लेना न भूलें।

### कार्नर न्यूज

### अच्छी ड्रेसिंग का असर पड़ता है आपके आत्मविश्वास, व्यवहार और बातचीत पर

## मेंस फैशन के लिए बेस्ट टिप्स जानिए, शानदार ड्रेसिंग सेंस के साथ मिलेगा स्टाइलिश लुक


पुरुषों में फैशन का क्रेज पिछले कुछ सालों में काफी बढ़ गया है। जब आप अच्छे से तैयार होते हैं, तो इससे आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी हो सकती है। सही कपड़े पहनने से आप अपने आप को बेहतर महसूस करते हैं और इस आत्मविश्वास का असर आपके व्यवहार और बातचीत पर भी पड़ता है।

### फैशन एक प्रकार की कला

फैशन एक प्रकार की कला है। इसमें रंग, डिजाइन, और विभिन्न पैटर्न्स का इस्तेमाल करके आप अपने व्यक्तित्व को दिखाते हैं। यह सिर्फ कपड़े नहीं बल्कि एक तरीका है अपने अंदर की क्रिएटिविटी को बाहर लाने का। आजकल अधिकतर पुरुष फैशन की तरफ ध्यान दे रहे हैं।

### हर मौके के लिए अलग स्टाइल

अच्छे कपड़े और फैशन का मतलब हमेशा स्टाइलिश दिखना नहीं होता। यह भी ज़रूरी है कि कपड़े आपके शरीर के प्रकार और फिट के



अनुसार सही हों, ताकि आप ज्यादा आरामदायक और फिट महसूस कर सकें। एक इंटरव्यू, पार्टी या फिर रोज़मर्रा की ज़िंदगी के लिए अलग-अलग तरह के फैशन हो सकते हैं।

### आकर्षक लुक पाने के लिए रखें इन चीजों का ध्यान

पुरुष अक्सर खुद को स्टाइलिश और ट्रेंडी तरीके से रखने की कोशिश करते हैं। इसके बावजूद कभी-कभी मनचाहा लुक पाना मुश्किल हो सकता है। आकर्षक लुक पाने के लिए सही एक्सेसरीज का चयन करना बहुत ज़रूरी है। सनग्लास, वॉलेट और बेल्ट जैसी ज़रूरी चीज़ें, स्टाइलिश या स्मार्ट वॉच के साथ मिलकर पुरुषों के पहनावे को काफ़ी हद तक निखार सकती हैं।

### सही शर्ट का चयन करना जरूरी

जब शर्ट की बात आती है तो विकल्प बहुत सारे हैं, जो विभिन्न अवसरों के लिए उपयुक्त हैं। पुरुष कैजुअल मैंडरिन कॉलर शर्ट, डेनिम स्लिम कैजुअल शर्ट, प्लेन फिट कैजुअल शर्ट, सॉलिड रेगुलर फिट कैजुअल शर्ट और नॉर्मल कॉटन शर्ट जैसी शर्ट की एक सीरीज से अपने हिसाब से चयन कर सकते हैं।

